वर्ष- 21 अंक - 261 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, शनिवार 07 मार्च 2026

## 300 लोगों को किया अगवा

**अबुजा.एजेंसी।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो में इस्लामी आतंकियों ने एक कस्बे पर हमला कर 300 से ज्यादा लोगों को अगवा कर लिया, जिसमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। ये हमला संभवतः बोको हरम के तीन कमांडरों को सेना द्वारा मार गिराए जाने के प्रतिशोध में किया गया है।

## पानी की बड़ी टंकी में भरवा लिया डीजल

**शनिवार ● एजेंसी**




सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में पंजाब का एक व्यक्ति 1000 लीटर की पानी की टंकी में डीजल भरते हुए दिखाई दे रहा है। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि उसने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण भविष्य में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ सकती हैं।

## पाकिस्तान में 55 रुपए महंगा हुआ पेट्रोल-डीजल

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** ईरान युद्ध की वजह से पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल के दाम में 55 रुपए की वृद्धि की गई, जिसके कारण यहां पेट्रोल-डीजल के भाव 325 रुपए से ज्यादा हो गए। ज्ञात रहे कि भारत में भी गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं।

# पाकिस्तान में आत्मघाती हमला 18 की मौत, 30 घायल

**इस्लामाबाद ● एजेंसी**

पाकिस्तान-अफगानिस्तान के सरहदीय इलाके मीरानशाह में बाजार के बीचों बीच बने पाकिस्तानी सेना के चेकपॉइंट पर बड़ा फिदायीन हमला हुआ, जिसमें अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है और 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। मोटरसाइकिल में विस्फोटक लादे हुए एक आतंकी ने सेना के चेकपॉइंट पर अपनी गाड़ी की टक्कर लगवा कर खुद को उड़ा लिया, जिसकी वजह से भीषण विस्फोट हो गया। उधर पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगिट-बाल्टिस्तान के सबसे बड़े शहर स्कार्दू में खामेनेई की मौत के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों पर सुरक्षाबलों की फायरिंग में 38 लोगों की मौत हो गई।

# भाजपा-जदयू के बनेंगे 15-15 मंत्री

**पटना ● एजेंसी**

नीतीश कुमार की जगह भाजपा का मुख्यमंत्री बनने के बाद नीतीश के बेटे निशांत कुमार को उप मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। नीतीश की पार्टी के 15 मंत्री बनेंगे। डिप्टी स्पीकर का पद भी जदयू को मिलेगा। भाजपा को मुख्यमंत्री पद के अलावा स्पीकर का पद मिलेगा और भाजपा के भी 15 मंत्री बनेंगे। चिराग पासवान की पार्टी- एलजेपी (रामविलास) से दो, उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) से एक और जीतनराम मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा से एक मंत्री सरकार में हो सकते हैं।



## रात भर तंबू में रहीं ममता

**कोलकाता.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को एसआईआर के बाद राज्य की मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने के विरोध में सेंट्रल कोलकाता में धरना शुरू कर दिया। पहले दिन का धरना दोपहर करीब 2:15 बजे शुरू हुआ था। शुक्रवार रात को भी ममता बनर्जी टेंट में ही रहीं। उन्होंने बाकी नेताओं को घर भेज दिया था। उनका धरना आज भी जारी रहेगा।

## जंग के बीच ईरान में लगे भूकंप के झटके

**तेहरान.एजेंसी।** ईरान के तटीय शहर बंदर अब्बास के पश्चिमी क्षेत्र में 4.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। भूकंप के झटके महसूस होते ही स्थानीय निवासियों में घबराहट फैल गई।

## कल अवकाश

कल रंगपंचमी के रंगारंग पर्व के अवसर पर सिटी ब्लास्ट कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 9 मार्च सोमवार को प्रकाशित होगा। सभी स्नेहीजनों को रंगोत्सव की रंगारंग बधाई... **- प्र.सं.**




सबके सुख-दुख में साथ देने वाले
ऐसे हमारे बड़े भाई
पंकज फतेहचन्दानी जी
को
जन्मदिन
की
हार्दिक बधाई!
गौरव रोचलानी
इन्दर छाबड़ा
हरिश राजानी
पं. आयुष भार्गव
दीपक बालचंदानी
आकाश खत्री
राजेश सोलंकी
रोहित किंगरानी
बधाईकर्ता : संस्था नमो नमो शंकरा परिवार



# भाजपा जिला अध्यक्ष ने गेहूं पर बोनस बढ़ने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इंदौर आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा ने मुख्यमंत्री का आभार जताया और कहा कि गेहूं पंजीयन की तारीख बढ़ी और गेहूं पर 40 रु. बोनस की घोषणा हुई तो इससे किसानों में खुशी है और किसानों ने प्रदेश की भाजपा सरकार के प्रति आभार भी माना है। जिला अध्यक्ष ने भी मुख्यमंत्री को बधाई देकर साधुवाद दिया।

# भाजपा प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला स्थल के लिए अवलोकन

## भाजपा के दिग्गज रहेंगे मौजूद

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

भाजपा ने मंडल में 11 मार्च से 15 अप्रैल तक प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन रखा है। इस प्रशिक्षण वर्ग के लिए मंडलों में प्रशिक्षण देने जाने वाले वक्ताओं की कार्यशाला 10 मार्च को इंदौर में सम्पन्न होगी। इस कार्यशाला में इंदौर, उज्जैन, निमाड़ और मंदसौर संभाग, गुना और अशोक नगर जिले के कार्यकर्ता शामिल होंगे। आयोजन को लेकर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने पदाधिकारियों के साथ कल स्कीम नं. 54 स्थित कॉलेज जहां प्रशिक्षण वर्ग की कार्यशाला होगी वहां का अवलोकन भी किया। विधायक, पदाधिकारी सहित अन्य भी मौजूद रहे। इस वक्ताओं की कार्यशाला में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, राष्ट्रीय महासचिव शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, मप्र छत्तीसगढ़ प्रशिक्षण प्रभारी केसी पटेल, प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी राजेंद्र सिंह, संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत, नगर प्रभारी राजेश सिंह सोलंकी मौजूद रहकर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे।





# पुलिस ने कहा गेर में कीमती वस्तुओं के साथ ना निकले

## व्यापारियों के साथ हुई बैठक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

किशनपुरा, राजवाड़ा व्यापारी एसोसिएशन के साथ पुलिस अधिकारियों ने रंगपंचमी की गेर को लेकर राजवाड़ा पुलिस चौकी पर बैठक का आयोजन किया। अधिकारी रामस्नेही मिश्रा, विनोद दीक्षित, विजय सिसोदिया ने व्यापारियों को बताया कि जो भी ग्राहक आए उनसे भी अपील की जाए कि वे गेर में परिवार के साथ आए तो ज्वेलरी सहित कीमती वस्तुएं लेकर नहीं निकले। अजनबी व्यक्ति से कोई खाने-पीने की वस्तुएं ना लें और व्यापारी भी अपने परिवार के साथ आए तो इसका पालन करें। बैठक में प्रमुख रूप से विजेंद्रसिंह चौहान, सिद्धार्थ जैन, नरेश, अकबर, बंटी, हेमंत जैन, नीलेश गुप्ता, सोनू जादोन, महावीर जैन, नवीन वशिष्ठ, सोनू लड्डा मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए दौड़ पड़े एमआईसी सदस्य पहाड़िया



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल इंदौर विमानतल पर पहुंचे, तो उनके स्वागत के लिए भाजपाई जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता तक भी पहुंचे थे। वार्ड 47 के पार्षद और एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया भी मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए विमानतल पहुंचे थे। मुख्यमंत्री का काफिला एयरपोर्ट से निकलने लगा। ऐसे में पीछे रहे नन्दकिशोर पहाड़िया ने अपने नेता के स्वागत के लिए दौड़ लगाई और दौड़कर गाड़ी तक पहुंचे और मुख्यमंत्री का स्वागत दुपट्टा पहनाकर किया।

## रामस्नेही संत की कल पुण्यतिथि

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** छत्रीबाग रामद्वारा में रामस्नेही संत लक्ष्य राम महाराज की पुण्यतिथि कल सुबह 9.30 बजे से मनाई जाएगी। अखंड रामायण का पाठ भी होगा। सामूहिक पूजन, भजन, आरती का आयोजन किया जाएगा। लक्ष्मीकुमार मुछाल, देवेन्द्र मुछाल, हेमंत काकाणी, सुरेश काकाणी सहित अन्य रामस्नेही भक्त मौजूद रहेंगे।

## बाबल साईं का छठी उत्सव मनाया जाएगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संत बाबल साईं का छठी उत्सव 9 मार्च जयरामपुर कालोनी मंदिर में मनाया जाएगा। सोमवार को शाम 5 बजे से सुखमणि साहेब का पाठ, छठी संस्कार पूजन, भजन संध्या, पल्लव अरदास और भोजन प्रसादी का आयोजन भी होगा। उक्त जानकारी अनिल आगा ने दी।

## माँ पदमावती का तिरंगा चोला कर टीम इंडिया की जीत के लिए की प्रार्थना



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल इंडिया और न्यूजीलेंड के बीच टी-20 का वर्ल्ड कप फाइनल मैच खेला जाना है। देश-प्रदेश के साथ इंदौर में भी भारती टीम की जीत की प्रार्थना और दुआएं की जा रही है। दिगम्बर जैन समाजजनों ने टीम इंडिया की जीत के लिए पार्श्व पदमावती धाम साधना नगर में माँ पदमावती का तिरंगा चोला अर्पण किया और माता से भारती टीम की जीत की गुहार लगाई। गुरु तेजकुमार सेठी गोटू भैया, कुमुद बडजात्या, प्रदीप टोंग्या, अतुल पाटोदी, राहुल सेठी, रमेश शाह, श्वेता बडजात्या, सोनिया नरेंद्र गोधा, पारस ज्योति पाटोदी, मनन बाकीवाला, अर्चना पाटोदी, सौरभ बडजात्या मौजूद थे।

# जैन समाज चुनाव में इधर राजीनामा प्रयास, उधर शपथ विधि

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद इस बार भी दो होती दिख रही है। कासलीवाल खेमा ने सामाजिक संसद के चुनाव की प्रक्रिया कराई और नामांकन वापसी के बाद दो प्रत्याशी आनन्द गोधा, दिलीप पाटनी आमने-सामने है, कल भी कासलीवाल खेमा ने नाम वापसी के बाद भी आनन्द गोधा को समझवाने की खूब कोशिश की। अभी भी उम्मीद है कि चुनाव निर्विरोध किया जा सकता है, आपसी सहमति करा लेंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्व में कासलीवाल खेमा यही मानकर चल रहा था कि चुनाव निर्विरोध हो जाएंगे और उन्होंने अपने ही खेमे के 6 लोगों के फार्म भी दाखिल कराए थे, लेकिन नवीन गोधा ने अपने भाई आनन्द गोधा का नाम अध्यक्ष के लिए दाखिल करा दिया। सूत्रों का यह भी कहना है कि राजनीतिक दबाव भी गोधा के ऊपर बनाया जा रहा है, जिससे गोधा नाम वापस ले लें। चुनावी रणनीति में गोधा कमजोर नजर नहीं आ रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि अमित कासलीवाल सीधे सभी मंदिरों से जुड़े हुए नहीं है, जबकि उनके पिता प्रदीप कासलीवाल सभी मंदिरों से सीधा हस्तक्षेप रखते थे। पहले कासलीवाल खेमा यह मान रहा था कि उनका अध्यक्ष निर्विरोध हो जाएगा और पदाधिकारी भी मनमाफिक बना लिए जाएँगे, जो भी हो इधर राजीनामा के प्रयास हो रहे हैं और उधर सामाजिक संसद के अध्यक्ष बन चुके विनय बाकलीवाल की शपथ विधि टीम के साथ 9 मार्च की शाम 7 बजे से प्रेस क्लब में आयोजित की गई है। दोनों ही टीम की नजर महावीर जयंती के कार्यक्रम पर लगी हुई है और दिगम्बर जैन समाज में यह कार्यक्रम कराना प्रतिष्ठा का प्रश्न माना जाता है।

# जैन समाज दो दिनों तक मनाएगा महावीर जयंती

## दिगम्बर समाज 30 को तो श्वेताम्बर समाज 31 को निकालेंगे जुलूस

### पहली बार होगा कि प्रभातफेरी जुलूस दोनों के एक दिन सुबह निकलेंगे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

भगवान महावीर जयंती दिगम्बर और श्वेताम्बर जैन समाज दो अलग-अलग दिन मना रहे हैं, इससे जुलूस और प्रभातफेरी भी प्रभावित होती दिखाई दे रही है। दिगम्बर जैन समाज संतों के निर्देशों पर महावीर जयंती दिगम्बर जैन समाज 30 मार्च को मना रहा है। वहीं श्वेताम्बर जैन समाज ने 31 मार्च को महावीर जयंती मनाने की घोषणा की है। श्वेताम्बर जैन समाज महावीर जयंती के एक दिन पहले सुबह प्रभातफेरी जुलूस निकालते हैं और दिगम्बर जैन समाज महावीर जयंती के दिन ही प्रभातफेरी जुलूस निकालते हैं अब इस तरह पहली बार श्वेताम्बर और दिगम्बर जैन समाज का प्रभातफेरी जुलूस 30 मार्च को सुबह निकलेगा। दिगम्बर जैन समाज का मुख्य जुलूस 30 मार्च को दोपहर कांच मंदिर से निकलेगा। वहीं श्वेताम्बर जैन समाज 31 मार्च को सुबह 8 बजे महावीर भवन राजवाड़ा से मुख्य जुलूस एमजी रोड होते हुए दलालबाग तक निकालेंगे।

राजनीतिक खबरें देखें पेज 5 पर भी

# बजाज खाना पार्किंग के संचालक को निगम का नोटिस

## 24 घंटे में पार्किंग खाली कर कब्जा देने का निर्देश

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। नगर निगम द्वारा बजाज खाना की बहुमंजिला पार्किंग का संचालन करने वाली एजेंसी को नोटिस जारी किया गया है। इस नोटिस में इस एजेंसी को 24 घंटे में पार्किंग से कब्जा हटाकर पार्किंग वापस निगम को सौंपने का निर्देश दिया गया है।

नगर निगम द्वारा पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत बजाज खाना चौक में बहुमजिला पार्किंग का निर्माण कराया गया था। टेंडर की शर्तों के अनुसार पार्किंग का निर्माण करने वाली एजेंसी को एक निश्चित अवधि तक इस पार्किंग का संचालन कर वहां पर पार्क होने वाले वाहनों से शुल्क वसूलने की अनुमति दी गई थी। इस शुल्क की वसूली के माध्यम से ही एजेंसी के द्वारा पार्किंग के निर्माण में लगाए गए पैसे को कवर करना था।

बजाज खाना चौक की पार्किंग के संचालन के लिए प्राथवे कंपनी को काम सौंपा गया था। इस कंपनी को जितने समय तक पार्किंग का संचालन करना था वह अवधि 5 महीने पहले पूरी हो गई है उसके बावजूद कंपनी के द्वारा पार्किंग खाली कर नगर निगम को नहीं सौपी गई। ऐसी स्थिति में नगर निगम के द्वारा इस कंपनी के संचालकों के नाम पर नोटिस जारी किया गया है इस नोटिस में इस कंपनी के संचालक से कहा गया है कि 24 घंटे के अंदर पार्किंग को खाली कर उसका कब्जा नगर निगम को सौंप देवें। इस नोटिस के आधार पर इस कंपनी के द्वारा आज ही पार्किंग खाली की जाना है।

# हर जोनल कार्यालय के क्षेत्र में एक बैकलेन को बनाएंगे सुंदर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। नगर निगम के द्वारा शहर के सभी 22 जोनल कार्यालय में एक-एक बैकलिंक को आदर्श बेकलन के रूप में विकसित किया जाएगा। इन बेकलेन को सुंदर बनाया जाएगा। इस अभियान की शुरुआत आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा की गई।**

स्वच्छता के क्षेत्र में देशभर में अग्रणी शहर इंदौर में लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नागरिकों एवं रहवासी संगठनों के सहयोग से विकसित की गई शहर की बैकलेन को स्वच्छ, सुंदर एवं आदर्श बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम इंदौर द्वारा आज रंग दे बैकलेन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जोन क्रमांक 21 के वार्ड क्रमांक 80 स्थित साई निकेतन अपार्टमेंट के पास धनवंतरी नगर बैकलेन में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं क्षेत्रीय पार्षद प्रशांत बडवे की उपस्थिति में जनसहयोग से विकसित की गई इस आदर्श बैकलेन में योग अभ्यास, क्रिकेट मैच, वॉल पेंटिंग सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर भार्गव ने कहा कि जिस बैकलेन में पहले कचरा और गंदगी के कारण शिकायतें प्राप्त होती थीं, आज उसी स्थान पर योग और सामाजिक गतिविधियाँ आयोजित हो रही हैं। यह इंदौर के जागरूक नागरिकों एवं रहवासियों की सक्रिय भागीदारी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इंदौर देश का सबसे स्वच्छ शहर है और यहां स्वच्छता को बनाए रखने के लिए लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। नगर निगम द्वारा हर वर्ष लगभग 50 नई बैकलेन का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, जिससे ये स्थान नागरिकों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और उपयोगी बन सकें। इन बैकलेन का उपयोग नागरिकों द्वारा घूमने-फिरने, खेलने, योग अभ्यास और सामुदायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। इससे एक ओर जहां नागरिकों का स्वास्थ्य बेहतर हो रहा है, वहीं दूसरी ओर स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है।

### जिस बैकलेन में पनपते थे रोग, आज वहां किया गया योग



### समस्त जोन क्षेत्रों में कार्यक्रम

स्वच्छ भारत मिशन की टीम द्वारा शहर के विभिन्न झोन क्षेत्रों में जनसहयोग से विकसित की गई 21 बैकलेन में अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया गया।इन सभी स्थानों पर बच्चों के द्वारा चित्रकारी की गई एवं उनके लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हुआ।

# राजवाड़ा 45 मिनट, गेर मार्ग ढाई घंटे में होगा साफ

## *रंग पंचमी की गेर के बाद नगर निगम चलाएगा सफाई अभियान*

**इन्दौर। स्वच्छता में देशभर में नंबर-वन पहचान रखने वाला इंदौर अपनी सफाई व्यवस्था और स्वच्छता मॉडल के लिए जाना जाता है। इसी पहचान को बनाए रखने के लिए इंदौर नगर निगम रंग पंचमी की प्रसिद्ध गेर के बाद विशेष सफाई अभियान चलाएगा। नगर निगम का दावा है कि गेर समाप्त होने के बाद राजवाड़ा क्षेत्र को 45 मिनट में और पूरे गेर मार्ग को ढाई घंटे में साफ कर दिया जाएगा।**

### निगम आयुक्त बोले गेर और सफाई की परम्परा इन्दौर की पहचान

निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि इंदौर की गेर पूरे देश में प्रसिद्ध है और इसमें लाखों लोग शामिल होते हैं। गेर के दौरान मार्गों पर बड़ी मात्रा में गुलाल और रामरज जमा हो जाती है तथा हजारों किलो रंग उड़ाया जाता है। इसके साथ ही जूते-चप्पल, कपड़े, प्लास्टिक, डिस्पोज़ल बोतलें सहित अन्य कचरा भी बड़ी मात्रा में निकलता है। ऐसे में नगर निगम द्वारा व्यापक सफाई व्यवस्था की तैयारी की जा रही है, ताकि कम से कम समय में मार्ग को साफ किया जा सके।

उन्होंने बताया कि सफाई के लिए नगर निगम के 200 कर्मचारी और रोड स्वीपिंग मशीन कंपनी के 100 कर्मचारी तैनात रहेंगे। इसके अलावा 15 हाईपावर स्वीपिंग मशीनों के जरिए गेर मार्ग की सफाई की जाएगी।

### 50 वाहनों से होगी सफाई

सफाई अभियान के लिए लगभग 50 वाहनों का उपयोग किया जाएगा। इनमें 10 जेसीबी, 10 ओपन ट्रक, 15 स्वीपिंग मशीन और 15 पानी के टैंकर शामिल हैं। इसके अलावा अन्य छोटे वाहन भी सफाई कार्य में लगाए जाएंगे।

### पहले मुख्य मार्ग, फिर गलियों में सफाई

नगर निगम के अनुसार सभी वाहन गेर समाप्त होने से एक घंटे पहले अलग-अलग स्थानों पर पहुंच जाएंगे। सफाई कार्य की शुरुआत राजवाड़ा और मल्हारगंज क्षेत्र से होगी। पहले मुख्य मार्गों की सफाई की जाएगी और उसके बाद आसपास की गलियों में अभियान चलाया जाएगा।

### इनका कहना है-

इंदौर की पहचान के अनुरूप गेर मार्ग की सफाई हो, इसके निर्देश दिए गए हैं। हर साल तय समय सीमा में गेर मार्ग साफ होता है और नगर निगम की टीम कुछ ही घंटों में हजारों किलो कचरा साफ कर देती है। इस बार भी उसी तरह की प्लानिंग की गई है।

**-पुष्यमित्र भार्गव, महापौर**

सभी वाहनों को गेर खत्म होने के एक घंटे पहले अलग-अलग लोकेशन पर तैनात किया जाएगा। नगर निगम की टीम राजवाड़ा और मल्हारगंज से सफाई शुरू करेगी। पहले मुख्य मार्ग साफ होंगे, उसके बाद गलियों में सफाई अभियान चलेगा।

**-क्षितिज सिंघल, निगम आयुक्त**

# गेर संचालकों की मीटिंग में हुई शिकायत तो निगम ने कराया पैच वर्क

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**जिला प्रशासन के द्वारा बुलाई गई गेर संचालकों की मीटिंग में जब शिकायत हुई तो फिर नगर निगम ने कई क्षेत्रों में पेंचवर्क का काम कराया है। कल रातों-रात इस काम को किया गया। इसके माध्यम से सड़क के गड्ढे भर दिए गए।**

### रातोंरात काम कर सड़क के गड्ढे भर दिए

कलेक्टर शिवम वर्मा के द्वारा रंग पंचमी की तैयारी के लिए कल कलेक्टर कार्यालय में गैर संचालकों की बैठक बुलाई गई थी। जिला प्रशासन के द्वारा टोरी कॉर्नर चौराहा से ही गेर की शुरुआत के स्थान को माना गया है। इस बैठक में कैलाश मार्ग से निकलने वाली गेर के संचालक कमलेश खंडेलवाल ने कहा कि हमारी गेर कैलाश मार्ग से शुरू होकर मल्हारगंज में घूमते हुए टोरी कॉर्नर तक पहुंचती है। हमारी गेर के रास्ते में कैलाश मार्ग और मल्हारगंज की गलियों में सड़क के गड्ढे नहीं भरे गए हैं। ऐसे में गेर के संचालन में हमें समस्या पैदा हो सकती है। इस बैठक में खंडेलवाल ने जैसे ही यह बात रखी वैसे ही कलेक्टर द्वारा नगर निगम के अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर को निर्देश दिया गया कि बताए गए स्थान की सड़क के गड्ढे भरने का काम तत्काल किया जाए। इसके बाद नगर निगम की टीम सक्रिय हुई। इस टीम के द्वारा कल रात में काम करते हुए कैलाश मार्ग और मल्हारगंज की गलियों के सड़क के गड्ढे पेचवर्क कर भर दिए गए। निगम के अधिकारियों ने बताया कि कल रात में 4 घंटे तक काम करते हुए इन सड़कों के गड्ढे समाप्त किए गए हैं। अब गेर के मार्ग पर कहीं भी कोई गड्ढा नहीं है। जो गड्ढे थे उन सभी को भर दिया गया है।

### खतरनाक मकान पर लगाए बोर्ड

इसके साथ ही नगर निगम के द्वारा गेर मार्ग पर स्थित खतरनाक मकान में नोटिस भी लगा दिए गए हैं। इस पूरे मार्ग पर आठ मकान ऐसे हैं जो की खतरनाक है और जर्जर स्थिति में है। इन सभी मकानों पर बोर्ड लगाकर लोगों से मकान से दूर रहने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही नगर निगम के द्वारा इन मकान पर एक-एक टीम भी तैनात की जाएगी। यह टीम लोगों को इन मकानों से दूर रहने का संदेश सतत रूप से देते रहेगी।

# राजवाड़ा पर बीच सड़क में खड़ी कर दी कार

## *यातायात पुलिस ने लगाया ताला और किया कार मलिक के आने का इंतजार*

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। शहर में यातायात खराब है यह तो हमेशा से कहा जाता है लेकिन इस यातायात को बिगड़ने में आम नागरिकों के द्वारा किस तरह से योगदान दिया जाता है इसका नमूना भी समय-समय पर सामने आते रहता है। लोग सड़क पर कहीं भी अपनी गाड़ी को पार्क करके चल देते हैं। बाद में इस खड़ी हुई गाड़ी के कारण यातायात में समस्याएं पैदा होने लगती है और सड़क पर जाम लग जाता है। कल शाम को यातायात पुलिस के अधिकारी उस समय आश्चर्यचकित रह गए जब उन्होंने देखा कि राजवाड़ा चौक में ऐतिहासिक इमारत के सामने बसों के खड़े रहने वाले स्थान पर एक कार पार्क कर व्यक्ति चला गया। इस कार का नंबर एम पी 09 डब्ल्यू एफ 6436 था। कार को पार्क करने वाले व्यक्ति के हौसले ने सबको अचंभित कर दिया था।



यहां पर यातायात का दबाव सुबह से लेकर शाम तक बहुत ज्यादा होता है। ऐसे में यदि गलत तरीके से एक भी गाड़ी खड़ी कर दी जाए तो उसका सीधा असर यातायात पर पड़ता है। इस स्थिति को देखकर यातायात पुलिस के कर्मचारियों के द्वारा इस कार के पहिए में ताला लगा दिया गया। बाद में यातायात पुलिस की क्रेन इस कार के पास में ही खड़े होकर कार मलिक के आने का इंतजार करती रही। शहर की जनता कहती है कि हमें जिस तरह स्वच्छता में नंबर एक है उसी तरह से यातायात में भी अपने शहर को नंबर एक बनाना है वही जनता जब इस तरह का व्यवहार करती है तो यह समझ में आता है कि शहर में यातायात की अव्यवस्था क्यों है।

यह तो सभी को मालूम है कि राजवाड़ा शहर का हृदय स्थल है।

# मच्छरों का प्रकोप और लाखों रुपए की फॉगिंग मशीनें खा रही धूल





## कांग्रेस नेता ने लगाया निगम अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शहर कांग्रेस संगठन महासचिव संजय बाकलीवाल ने बताया कि शहर भर में अचानक मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। मच्छरों को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी शहर में नगर निगम की है, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते लंबे समय से फॉगिंग मशीन बंद पड़ी है। लाखों रुपए लोकधन खर्च कर खरीदी गई फॉगिंग मशीन नगर निगम के झोनाल कार्यालयों पर धूल खा रही है। कई महीनों पहले नगर निगम ने संकरी गलियों में भी मच्छरनाशक धुआं उड़ाने के लिए बाइकों पर फागिंग मशीन लगवाकर तैयार करवाई हैं, लेकिन यह फागिंग मशीनें झोनल अधिकारियों को सौंपने के बाद शायद ही कभी धुआं उड़ाते दिखाई दी। इस कारण मच्छर बड़ी संख्या में बढ़ चुके हैं। कांग्रेस संगठन महासचिव बाकलीवाल ने बताया कि शहर में सफाई व्यवस्था में भी लापरवाही बरती जा रही है। जगह-जगह कचरे के ढेर देखे जा रहे सकते हैं। इस कारण भी मच्छरों की संख्या में इजाफा हुआ है। मच्छरों के काटने से होने वाले रोगों की संख्या में भी अचानक इजाफा हुआ है। इसके बाद भी नगर निगम के लापरवाह अधिकारी फागिंग करने की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। शहर कांग्रेस ने मांग की है कि नगर निगम के अधिकारी शहर भर में फागिंग तुरंत शुरू करें। इसके लिए शीघ्र एक ज्ञापन भी संभागायुक्त और नगर निगम कमिश्नर को सौंपा जाएगा। शहर कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि शीघ्र ही फॉगिंग नहीं शुरू की गई तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेगी।

## राजीव विकास केन्द्र में 26 मीडिया सलाहकार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राजीव विकास केन्द्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव द्वारा लगातार अपने संगठन को मजबूती के लिए पदाधिकारियों की घोषणा की जा रही है। अब उन्होंने प्रदेश एवं शहर, जिला के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं का एक मीडिया सहयोग पैनल हेतु प्रदेश एवं जिले, शहर स्तर पर 26 सदस्य सलाहकार समिति की नियुक्ति की है। जौहर मानपुरवाला, अमीनुल सूरी, प्रमोद द्विवेदी, सन्नी राजपाल मुकेश ठाकुर अमित चौरसिया, शैलू सेन, विपिन गंगवाल, आनंद कासलीवाल, मजहरहुसैन सेठजीवाला, दानिश खान, आफताब खान, निलाभ शुक्ला, हर्ष जैन, विशाल चतुर्वेदी, नीतिश भारद्वाज, दिलीप ठक्कर, मेहमूद पठान, सुनीलसिंह अवधिया, पीके उपाध्याय, अलंकार रायकवार, प्रतीक मित्तल, किशोर डोंगरे एवं अन्य को प्रदेश मीडिया सलाहकार समिति में लिया गया है।

## खुदी सड़कों को ठीक किया जाए

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। राजीव विकास केन्द्र के उपाध्यक्ष कांग्रेस नेता विजयकुमार देवड़ा ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल से मांग की है कि त्योहार चल रहे हैं और अगले माह भी त्योहार है, शहर में जगह-जगह सड़कें खुदी पड़ी है, कल रंग पंचमी पर भी शहर के मध्य गेर निकलना है। सभी जगह की सड़कों को ठीक किया जाए एवं डामरीकरण हो, जिससे निकलने वालों को दिक्कत ना हो और यातायात भी प्रभावित ना हो।

## हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज का आयोजन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज ने होली मिलन और गणगौर उत्सव का आयोजन किया। मनीष शर्मा, महेन्द्र शर्मा ने बताया कि अतिथि विधायक मालिनी गौड़ का भी सम्मान किया गया।



## शिवसेना पदाधिकारियों ने किया पुलिस का सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शिवसेना युवा शाखा के धनराज दामके एवं परमजीतसिंह मेकन, मनीष शिंदे, सुरेशसिंह ठाकुर की मौजूदगी में द्वारकापुरी थाना प्रभारी मनीष मिश्रा और खुफिया विभाग की टीम का शिवसेना पदाधिकारियों ने अच्छे कार्य पर सम्मान किया।

# माहेश्वरी समाजजनों ने दिया मुख्यमंत्री को निमंत्रण



## किया जाना है व्यापार महोत्सव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

माहेश्वरी समाज द्वारा अगले माह 11 और 12 अप्रैल को नक्षत्र में व्यापार महोत्सव का आयोजन किया जाना है। कल मुख्यमंत्री इंदौर आए थे तो उनसे माहेश्वरी समाज के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ समाजजनों ने मुलाकात की थी और उन्हें व्यापार महोत्सव का निमंत्रण भी दिया था। माहेश्वरी समाज जिला सभा द्वारा इस दो दिवसीय व्यापार सम्मेलन की तैयारियां शुरू कर दी गई है। जिम्मेदारी भी तय की गई है। जिला अध्यक्ष डॉ. सत्यनारायण मंत्री, अजय सोढानी, भरत तोतला, सुनील मालू, घनश्याम काकाणी, संजय मानधन्या, दिनेश परवाल सहित अन्य मौजूद थे। इस राज्य स्तरीय व्यापार महोत्सव को लेकर दो दिन बाद गीता भवन के समीप महासागर कार्पोरेट में कार्यालय का शुभारंभ भी किया जाएगा। उक्त पूर्ण जानकारी डॉ. सत्यनारायण मंत्री पप्पू ने दी।

# जमकर नाचे पूर्व विधायक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



पूर्व विधायक संजय शुक्ला दुबई कार्यक्रम में गए थे, वहां अटक गए थे। वापस लौटकर उन्होंने अपने पोते के साथ होली भी खेली थी और अब सामाजिक कार्यक्रम में पहुंचे तो वहां उन्हें गीतों पर नृत्य करने के लिए आग्रह किया तो संजय शुक्ला ने जमकर गीतों पर नृत्य किया।

# महिलाओं के लिए भाजपा ने नीति कानून-नियम बनाए क्या -कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने सवाल उठाया कि सरकार महिलाओं के हित में योजना का बखान करती है, लेकिन हकीकत इससे उलट है। भाजपा सरकार को बताना चाहिए कि उन्होंने महिलाओं के नीति कानून-नियम में क्या-क्या हितकारी कार्य किए हैं। भाजपा को उसका जवाब देना चाहिए और आईना भी देखना चाहिए। सन् 2003 में महिलाओं को संपत्ति में भागीदारी मिले इसके लिए तात्कालीन दिग्विजय सिंह सरकार ने महिलाओं के पक्ष में होने वाली रजिस्ट्री में, हिस्से पर 1 फीसदी स्टाम्प ड्यूटी की छूट प्रारम्भ की थी। पति पिता ससुर अपने साथ पत्नी बेटी बहू को संपत्ति में बराबर का भागीदार, हिस्सेदार बनाए इस लिए सह-स्वामित्व दस्तावेज केवल 1% स्टाम्प ड्यूटी पर बनाने का नियम लाई। भाजपा सरकार ने 2004बाद लगातार अवरोध उत्पन्न किया। स्टाम्प ड्यूटी छूट महिलाओं की रजिस्ट्री पर 2016में खत्म की, सह-स्वामित्व में 4% स्टाम्प ड्यूटी की, फिर कमलनाथ सरकार केवल 1100 रुपये पर सह-स्वामित्व करने का नियम लाई। भाजपा सरकार ने फिर अड़ंगा लगाया और नगरनिगम नगरपालिका नगर पंचायत में नामांतरण रोका है वही महिलाओं को संपत्ति में भागीदारी करने पर स्टाम्प ड्यूटी छूट खत्म की। अगर महिला अकेले हैं तो ही छूट मिलेगी का नियम बनाया साथ ही अगर महिला उद्योगपति है कामकाजी है कंपनी भागीदार है संचालक है याने व्यापार व्यवसाय करने वाली संस्थान में है तो छूट नहीं मिलेगी। मतलब भाजपा सरकार ऐसी महिलाओं को जो कामकाजी है उद्योग धंधे में भागीदारी रखती है या किसी भी तरह से है उन्हें छूट नहीं दी जायेगी। द्विवेदी ने सवाल उठाया केवल संपत्ति में ही महिलाओं को दोहरे मापदंड का शिकार नहीं होना पड़ रहा अन्य मामलों में भी दोहरें मापदंड का शिकार होना पड़ रहा है। जैसे कामकाजी महिलाओं खातिर समिति हर कार्यालय दफ्तर स्थान पर हों जो यौन अपराध की सुनवाई करें, बालात्कार मामले में फरियादी की रिपोर्ट महिला अभिभाषक की उपस्थिति में हर थाने में हो परंतु हकीकत सच्चाई यह कि व्यवस्था है ही नहीं। विधानसभा,संसद में महिला आरक्षण लागू किया जाए। महिला विधेयक लाया ही नहीं गया। महिलाओं को सबसे बड़ी ताकत कांग्रेस सरकार में शराब नीति मामले में दी थी अगर रहवासी 50% हस्ताक्षर करके देते हैं तो उस क्षेत्र में शराब दुकान नहीं लग सकती। भाजपा सरकार ने इस नीति को बलाऐ ताक रख दिया... हालत पूरे प्रदेश में महिलाओं को बार बार शराब दुकानों खिलाफ सड़कों पर उतरना पड़ता है।

महिलाओं के लिए सुलभ शौचालय आदि भी बाजारों में नहीं हैं तो अन्य मामलों में भी महिलाओं की अनदेखी की जा रही है। प्रमोद द्विवेदी ने सवाल उठाया कि ऐसे में भाजपा कैसे महिला दिवस मना खुद की पीठ थपथपा सकती है। लाडली बहना योजना के नाम पर मप्र में खेल किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना में पति पत्नी को संयुक्त रूप से लाभ नहीं मिलता। कांग्रेस सरकार में पति-पत्नी को संयुक्त रूप से पट्टा दिया गया भाजपा सरकार ने ऐसा नहीं किया। कांग्रेस सीधे-सीधे आरोप लगा रही है कि कांग्रेस नीतिगत निर्णय लेकर महिलाओं के हित में कानून बना अमलीजामा पहनाती है, भाजपा ढोंग पाखण्ड करती है। निर्भया केस बाद जो कानून बना, योजना बनी वो प्रमाण है। भाजपा ने तो आजतक दल अध्यक्ष तक महिलाओं को नहीं बनाया।

# कल रंगपंचमी पर होगी रंगों की बौछार

## निकलेंगी सुबह से रंगों से सराबोर करती हुई गेरें

## पुलिस ने लगाए कई वॉच टॉवर, माइक और कैमरे, रहेगी कड़ी सुरक्षा

## दुकान-शोरूम को तिरपाल से ढंक कर हो रहा है बचाव






इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**देश व विदेश में अपनी अलग और अनोखी पहचान बना चुकी शहर की रंगपंचमी पर निकलने वाली परम्परागत गेर कल सुबह 10 बजे से शहर के मुख्य मार्गों पर नजर आएगी। इसको लेकर रंग प्रेमी के अलावा पुलिस ने भी तैयारियां कर ली है। गेर में कड़ी सुरक्षा पुलिस की रहेगी। हुडदंगियों की खैर नहीं होगी।**

शहर की परम्परागत गेर को लेकर काफी उत्साह है। खास बात यह है कि इस बार धुलेंडी पर बहुत कम लोग रंगों में तरबतर नजर आए थे। दरअसल शहरवासियों में ज्यादा उत्साह रंगपंचमी को लेकर रहता है। उम्मीद की जा रही है कि इस बार गेर में पारिवारिक माहौल ज्यादा नजर आएगा। पुलिस ने भी हुड़दंगियों पर नजर रखने के लिए कड़ी व्यवस्था की है। गेर मार्ग पर कई वॉच टॉवर लगाए गए है, वहीं कैमरों से भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। अनाउंस करने के लिए माइक भी लगे हुए है। करीब साढ़े तीन हजार जवानों का बल गेर की सुरक्षा व्यवस्था में लगाया गया है। रेपिड एक्शन फोर्स, एसएएफ और लोकल फोर्स हुड़दंगियों पर नजर रखेगा और कार्यवाही भी करेगा। इधर रंग प्रेमियों ने पूरी तैयारी कर ली है। गुलाल, टके का रंग, गुब्बारे की व्यवस्था हो चुकी है। गेर मार्ग पर बने शोरूम और दुकानों सहित शहर की धरोहर राजबाड़ा, गोपाल मंदिर को भी तिरपाल से ढंककर सुरक्षित किया गया है। क़ई जगहों पर पार्किंग व्यवस्था भी की गई है। सुबह 7 बजे से गेर मार्ग पर भारी वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है। दो घंटे पहले गेर में शामिल होने वाले वाहनों को ही इंट्री दी जाएगी। ट्रैफिक पुलिस ने भी पूरा प्लान तैयार कर लिया है। कुल मिलाकर इन्दौर का बड़ा पर्व रंगपंचमी कल है और खासतौर से पश्चिमी क्षेत्र से कई गेरें निकलेगी। शहर के हृदय स्थल राजबाडा पर गेर पहुंचेगी तो उस दौरान पांव रखने की भी जगह नहीं बचेगी।

### पानी की बाटल और पाउच बांटेंगे

गेर में हर वर्ष शामिल होने के वाले लोगों को पीने के पानी की समस्या होती है। ऐसे में सागर ज्यूस सेंटर के राजू सागर और पुष्पक सागर ने अपनी दुकान से 51 हजार पानी की बोतल व पाउच निःशुल्क वितरित करने का निर्णय लिया।



नगर निगम ने कल गेर मार्ग पर डामरीकरण किया। चित्र सराफा चौराहा का।



विद्युत मंडल ने कल रंग पंचमी पर निकलने वाली गेर मार्ग पर जहां-जहां केबल वायर नीचे थे उन्हें ऊंचा करने का काम अंतिम रूप से किया, जो आज शाम तक जारी रहेगा।

## राधाकृष्ण रास रंग फाग यात्रा कल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** देवी अहिल्या युवा मंच बाणगंगा की मेजबानी में कल रंगपंचमी को सुबह 9 बजे से कुशवाह नगर चौराहा से मरीमाता चौराहा तक राधा कृष्ण रास रंग फाग यात्रा का दिव्य आयोजन होगा। यात्रा में बडी. संख्या में युवा, महिलाएं और धार्मिक, सामाजिक व्यापारिक संगठन के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। मिसाइलों से रंग फेंका जाएगा, फूलों की तोप, आदिवासी नृत्य मंडलियाँ, गरबा मंडलियाँ, भजन मंडलियाँ भी अपनी प्रस्तुतियां देते हुए चलेंगी। भगवान कृष्ण एवं गोपियों के साथ अबीर-गुलाल एवं फूलों की पंखुड़ियों तथा सूखे और प्राकृतिक टेसू, चन्दन एवं अन्य सुगन्धित रंगों से होली के दृश्य भी आकर्षण का केंद्र होंगे। भाजपा से जुडे राजनेताओं, जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है।

## शहर के मध्य से कल फाग यात्रा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बद्रीनारायण मंदिर नरसिंह बाजार से कल रविवार रंगपंचमी की सुबह 10 बजे से हिन्द रक्षक के बैनरतले फाग यात्रा निकाली जाएगी। एकलव्यसिंह गौड ने बताया कि यात्रा मे महाकाल मंदिर की प्रतिकृति बनाई गई है जिसमे महाकाल विराजेंगे। यात्रा मे जो विग्रह तैयार किया जाएगा जिसमे भस्मआरती के पश्चात् जो श्रंगार होता है उसी श्रंगार मे विग्रह बनेगा। गौड़ ने बताया की नंदी पर बैठे महादेव की झांकी भी रहेगी। यात्रा मे टेसू के फूलो से बने रंग व अरारोट से बनी प्राकृतिक गुलाल का ही प्रयोग किया जायेगा, जो रथ से उड़ाया जायेगा। भजन गायक गोपाल मिश्रा व सुरेश शर्मा की दो भजन मण्डली रहेगी। यात्रा मे सैकडों महिलाये भी शामिल होगी। कार्यकर्ताओं का सुरक्षा दस्ता रहेगा। यात्रा के आगे 101 युवाओं की भगवा ध्वज वाहिनी रहेगी।

## रंगपंचमी की गेर में डीजे रहेगा प्रतिबंधित

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कल रंग पंचमी में निकलने वाली गेर को लेकर गेर में डीजे प्रतिबंधित किया गया है। कल कलेक्टर शिवम वर्मा ने कलेक्टर कार्यालय में गेर को लेकर बैठक का आयोजन किया। गेर में डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। वहीं हुड़दंग करने वालों के खिलाफ भी कार्वाई की जाएगी। बैठक में गेर आयोजन को लेकर चर्चा की गई। गेर के आयोजक भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने गेर आयोजकों से कहा कि वे अपनी-अपनी गेर निर्धारित समय के साथ तय क्रम से ही निकाले। समय एवं अनुशासन का विशेष रूप से पालन करें। वे यह तय करें कि किसी भी तरह की हुड़दंग नहीं हो। पूर्ण शालीनता बनी रहे। कोई भी अवांछित सामग्री का उपयोग नहीं करें और न ही गेर में शामिल लोगों पर फेंके। ग़लत गाना भी नहीं बजाया जाए, अनुमति प्राप्त वाहन ही गेर में शामिल हो, ड्रायवर लायसेंसधारी हो। बैठक में डीसीपी आनन्द कलादगी ने कहा कि आयोजन के दौरान विशेष निगरानी रखी जायेगी। व्यवस्थाओं को देखते हुए सभी स्वागत मंच रोड़ के एक ही तरफ लगवाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि गेर में किसी भी तरह की हुड़दंग करने वालों को छोड़ा नहीं जायेगा। हथियार सहित पकड़े जाने पर संबंधित असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। गेर के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रहेंगे। ड्रोन, सीसीटीवी और वीडियों कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जायेगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरे गेर मार्ग को सेक्टर के रूप में विभाजित कर सुरक्षा प्रबंध किये जायेंगे। सेक्टर वाईज कंट्रोल रूम भी बनाया जायेगा। नागरिकों से आग्रह किया गया कि गेर में गड़बड़ी करने वाले तत्वों और हथियार रखने वालों की सूचना तुरन्त पुलिस को दी जाये। मदिरा पीकर शांति भंग करने वालों के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## *अग्रसेन संगठन का 'रजत-एमी का बाना'*



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रसेन सेवा संगठन द्वारा 'रजत-एमी का बाना' का आयोजन अग्रवाल समाजजनों की मौजूदगी में किया गया। राजेश-उषा बंसल, जगदीश गोयल, शैलेष गर्ग, हरि अग्रवाल, महेश मित्तल, आशीष-दीपिका गोयल, नीलेश-प्रज्ञा अग्रवाल, शीतल-संजय तोडीवाला का मार्गदर्शन मिला।

## पत्र लेखक मंच का फाग रंगोत्सव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मध्यप्रदेश में पत्र लेखक मंच के फाग रंगोत्सव का आयोजन किया। पत्र लेखक, साहित्यकार, कवि, लेखकगण और पत्रकार शामिल हुए। दिलीप राजपाल, राहुल निहोरे, सदाशिव कौतूक, डॉ. अखिलेश राव, प्रवीण चौधरी, सत्यप्रकाश द्विवेदी, ममता शर्मा, शीला चंदन, दिलीप नीमा, सुशील कलमेरी, राजेश नीमा, आशिक हुसैन, कमल तिवारी, दिनेश तिवारी, मीना खान, राजेन्द्र बज, शीला बड़ोनिया, डॉ. दीप्ति गुप्ता, तृप्ति शाह, सुरभि शुक्ला, मीना श्रीवास्तव, कविता चौहान, उर्मिला रायकवार, विधि व्यास, रेखा राठौड़, मनजीतसिंह खालसा, कल्याणसिंह राजपूत, महेश नैनावा, विष्णु जामले, हरिहरसिंह चौहान, नरेंद्रसिंह ठाकुर, प्रीतम लखवाल, दीपक हलवे, महेंद्रसिंह गहलोत, सुशील कलमेरी की मौजूदगी में विवेक सेठ का सम्मान किया।





# माहेश्वरी प्रीति क्लब का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** माहेश्वरी प्रीति क्लब द्वारा 170 दम्पति सदस्यों के साथ आयोजन किया गया। अतुल अंजना माहेश्वरी ने बताया कि दम्पति सदस्यों ने रोचक एवं चुनौतीपूर्ण टास्क को हल किया। राहुल-विंकी माहेश्वरी, नितिन-प्रियंका सोडानी, पंकज-नम्रता पटवा, जितेंद्र-सोनम लाखोटिया, अभिषेक-पल्लवी कलंत्री, उमेश-कविता लाहोटी, सत्यनारायण मंत्री, सशांत न्याती सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।



# मंगलमूर्ति में होली मिलन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मंगलमूर्ति रहवासी संघ द्वारा होली मिलन का आयोजन किया गया। कई संकल्प भी लिए गए। मातृशक्तियों ने भजनों की प्रस्तुति भी दी, फूलों की होली भी खेली और गीतों पर नृत्य भी किया। श्रवण वर्मा, आशीष पाटीदार, हेमन्त तोमर, पूजा विनित खण्डेलवाल, जयदीप मांजरेकर, दिनेश परदेशी, रश्मि गोविंल, डॉ. लेखा जोशी, विष्णुप्रसाद मालवीया, श्रीरंग पेंडारकर, हेमंत तोमर जयप्रकाश इंदौरिया, सुधा खण्डेलवाल, अनिता पाटीदार, ललिता वर्मा, निशा मांजरेकर, सोनाली तोमर, मीरा कड़ावे, मनीष सोनी, अनिल जागीण, राजेश कड़वे, जगदीश बावनकर, मांगीलाल कटारिया, आदित्य सिंह, श्याम जाटवा उपस्थित थे।

# अब्बास खजांची का इंतकाल



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** दाऊदी बोहरा समाज इंदौर के मीडिया प्रभारी, कांग्रेस नेता मज़हर हुसैन सेठजीवाला के ससुर समाजसेवी अब्बास खजांची (मुंशी जी) का 90 वर्ष की आयु में इंतकाल हो गया है उन्हें इमली बाजार स्थित दाऊदी बोहरा कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक किया गया। शेख सैफुद्दीन खंबाती, शेख ताहेर सेठजीवाला, शेख बाकिर दवाईवाला, शेख खुजेमा पेटीवाला, शेख तुराब कांच वाला, बुरहानुद्दीन शकरुवाला, जौहर मानपुरवाला, युनूस सलीम, ताहेर रतलामवाला, फिरोज सायकलवाला, मज़हर रेशमवाला, तैय्यब अली मालक, युसूफ जालीवाला, इकबाल बुकवाला ने दुःख व्यक्त करते हुए खिराजे अकीदत पेश की है।





# जनजाग्रति यात्रा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत महावर नगर, उषा नगर व आसपास के क्षेत्र में 'जनजाग्रति यात्रा' का आयोजन किया गया। कोली समाज कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश महावर कौली, विवेक शर्मा, प्रशांत आचार्य दिनेश बिल्लोरे, शरद यादव, प्रहलाद महावर, विवेक महावर, प्रवीण राठौर, आदित्य रेशवाल, अक्षय प्रजापति, शरद यादव, प्रकाश बर्वे मौजूद थे।

# अजहर ने किया अध्यक्ष का स्वागत

## रोजा इफ्तार भी हुआ

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



नियाज अली सरकार परिसर में कमेटी ने रोजा इफ्तार का आयोजन किया। मप्र वक्फ कमेटी के अध्यक्ष सनव्वर पटेल नियाज अली सरकार दरगाह तुकोगंज इफ्तार में पहुंचे और मस्जिद के इमाम व कमेटी के लोगों का कपड़े व उपहार देकर इस्तकबाल किया। दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अशफाक हुसैन (गोलू) व अजहर खान द्वारा सनव्वर पटेल का स्वागत किया गया। इस दौरान रेहान शेख, रिजवान पटेल, इस्माइल, अनस बबलू रेडियो, आफताब, नौशाद, अकरम, बंटी, रियाज खान, सगीर खान (आरडीएक्स), समीर बा, कल्लू पहलवान, जुबेर खान, परवेज़ खान (भूरा) उपस्थित थे।

# राधा-कृष्ण फाग उत्सव



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कालानी नगर और चंदननगर के बीच नगीन नगर में राधाकृष्ण फाग उत्सव का आयोजन में गायक गन्नू महाराज ने भजनों की प्रस्तुति दी। सतीश बैरागी, कमल राठौर, पंकज मूंदड़ा ने बताया कि इस अवसर पर फाग गीतों पर नृत्य किया गया। भाजपा से जुड़ी मातृशक्तियों ने भी भजन पर नृत्य किया। पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, अशोक चौहान चांदू, जयदीप जैन, निरंजनसिंह चौहान सहित अन्य मौजूद थे।

## सुंदरकांड पाठ एवं फाग उत्सव आज शाम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जय रणजीत मानस आराधना मंडल ने आज शाम 8 बजे से कैलाश गोयल के निवास कालानी नगर पर सुन्दरकांड का पाठ और फाग उत्सव का आयोजन भजनों की प्रस्तुति के साथ रखा है। उक्त जानकारी राजकुमार गोयल ने दी।



# ब्यान सखी ग्रुप की होली में हंसी-ठिठोली

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ब्यान सखी ग्रुप ने होली पर्व पर हंसी-मजाक-ठिठोली का आयोजन किया। एक-दूसरे को गुलाल भी लगाई और गीतों पर नृत्य भी किया। डॉली मनमोहन झांझरी ने बताया कि प्रतियोगी गेम खेले गए, जिसमें प्रमिला अजमेरा, माधुरी जैन, कुसुम गोधा, नीलू गोधा, शोभा पाटनी, मनीषा नरपत्या विजेता रही। ममता पाटनी, विनीता पाटनी, ममता पहाड़िया, संगीता गोधा, रेखा बड़जात्या, संगीता पाटोदी, बबीता पाटोदी, अर्चना झांझरी मौजूद थे।



# जैन कान्फ्रेंस का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस मध्य प्रदेश प्रांतीय शाखा का प्रांतीय सम्मेलन महावीर बाग में संत महेन्द्र ऋषि म.सा. के सानिध्य में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय पदाधिकारियों की भी मौजूदगी रही। उक्त जानकारी प्रकाश भटेवरा ने दी।



# आरोड़ा चीफ डायरेक्टर बने

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के बिजनेस सेल में संजय अरोड़ा को नेशनल चीफ डायरेक्टर बनाया, नियुक्ति पर कई लोगों ने बधाई दी।



# सिद्धचक्र महामण्डल अनुष्ठान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री दिगम्बर जैन महावीर जिनालय राजमोहल्ला में अष्टान्हिका महापर्व पर सिद्धचक्र महामण्डल विधान का आयोजन ब्रम्हचारिणी विजया दीदी के सानिध्य में अर्घ्य अर्पित किए गए। सुशील कमला पाटनी इन्द्र-इन्द्राणी बने। उक्त जानकारी नीलेश सेठी ने दी।

# श्यामा परिवार का फाग उत्सव आज

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री श्यामा श्याम परिवार का फाग महोत्सव आज शाम अन्नपूर्णा रोड स्थित पार्श्वनाथ नगर में आयोजित किया जाएगा। भगवताचार्य मयंक व्यास के सानिध्य में आयोजन किया जाएगा।



# अग्रवाल महिलाओं ने किया सम्मान आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अग्र मंच से जुड़ी अग्रवाल महिलाओं ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृशक्तियों के सम्मान का आयोजन किया। दीपिका आशीष गोयल ने उक्त जानकारी दी।



**चेटीचंड महोत्सव शुरू** - इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। झूलेलाल मंदिर छत्रीबाग में जयकारों के साथ चेटीचंड महोत्सव की शुरूआत में बहराणा साहब सजाया, आरती की गई। गुरु मां गीता ठाकुर, जेपी मूलचंदानी, विजय माखीजा, मंशाराम राजानी, जियदराम,चेतनदास, खेमचंद शादीजा,नरेंद्र इसरानी, प्रकाश परवानी, प्रिया माखीजा, राखी मूलचंदानी, रीटा पाहुजा, कशिश लालवानी मौजूद थे।

# पारसी मोहल्ला में सिंधी बिल्डिंग के बाहर पार्किंग बनाकर किया कब्जा

## संकरी गली में बिना अनुमति शेड बनने से रहवासियों को आपत्ति




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** विधानसभा 3 के वार्ड क्रमांक 63 से जुड़े पारसी मोहल्ला क्षेत्र में सालों पुरानी सिंधी बिल्डिंग के कुछ रहवासियों द्वारा बिना अनुमति कॉलोनी के मेंनरोड के बड़े हिस्से में कब्जाकर बगैर अनुमति के पार्किंग शेड बना दिया है। जिसको लेकर अब आसपास के रहवासियों को भारी परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि पारसी मोहल्ला क्षेत्र की कालका माता मंदिर वाली इस मुख्य गली से दिनभर छावनी से चिड़ियाघर, नौलखा आने-जाने वाले सैकड़ों वाहन चालकों का ट्रैफिक लगा रहता है। ऐसे में बिना किसी अनुमति के बिल्डिंग के बाहर कुछ लोगों ने लंबा-चौड़ा पार्किंग शेड बनाकर कार पार्किंग की आड़ में गुमटीनुमा शेड भी लगा दिया है। जिससे वाहन चालकों को निकलने में भी दिक्कत हो रही है। यही नहीं इसको लेकर यहां के कई रहवासी परिवार में नाराजगी है।

**लोग बोले पार्षद और विधायक से मिलकर करेंगे शिकायत–** इधर,लोगों का कहना है कि इस मामले में अब हम जल्द क्षेत्रीय पार्षद मृदुल अग्रवाल और विधायक गोलू शुक्ला को भी मामले की शिकायत करेंगे। यही नहीं रह त्वासियों ने बताया कि निगम में शिकायत करने के बाद भी लंबे समय से कोई भी जिम्मेदार यहां ध्यान नहीं दे रहा है। इसलिए लगातार बिल्डिंग से जुड़े लोग अपने रसूक के दम पर पारसी मोहल्ला क्षेत्र की पहले से संकरी गलियों में एक के बाद एक पार्किंग शेड बनाकर बेवजह का कब्जा कर रहे है। जिसको लेकर यहां आमने - सामने रहने वाले अन्य रहवासी परिवारों को आपत्ति है। लोगों का कहना है आधी सड़क पर घर के सामने से दिनभर गाडियां निकलती है और शेड बनने से रोड़ की चौड़ाई भी कम हो गई। जिसकी रहवासियों ने निगम की एप पर ऑनलाइन और जोन पर भी में कई बार शिकायत कर दी। लेकिन अभी तक यहां कोई कार्यवाही नहीं हुई जिससे मैन रोड़ पर बगैर अनुमति शेड बनाकर कब्जा करने वालों के हौसले बुलंद है।

# डेढ़ लाख और स्मार्ट मीटर लगाने के लिए अब चलेगा युद्ध स्तर पर अभियान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** इन्दौर शहर में विद्युत विभाग द्वारा अब डेढ़ लाख और आधुनिक तकनीक वाले नवीन स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान एकदम युद्ध स्तर पर चलेगा। जिसको लेकर बिजली विभाग द्वारा अपनी ओर से आने वाले दिनों में इस काम को पहले से ज्यादा गति देने की तैयारी कर ली है। बिजली विभाग में स्मार्ट मीटर लगाने के अभियान से जुड़े अफसरों के मुताबिक शहर में सभी जोन में लगभग आठ लाख स्मार्ट मीटर लगाने के अभियान में से अब तक करीब 6 लाख चालीस हजार से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके है। वहीं अब बचे हुए साउथ और ईस्ट जोन में इन दिनों में नए मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। वहीं अब यह काम पहले से और ज्यादा तेजी के साथ चलेगा।

### अभी साउथ और ईस्ट जोन में हर माह लग रहे 30 हजार

बिजली विभाग से जुड़े




अफसरों के मुताबिक अभी शहर से लेकर ग्रामीण एरिया में हर दिन एक हजार के आसपास यानी महीनेभर में तकरीबन 30 हजार के आसपास नए मीटर लगाने का काम हो रहा है। जिसे बढ़ाकर अब हर माह चालीस हजार से ज्यादा करने की तैयारी है। जिससे बचा हुआ टारगेट अगले तीन से चार माह में जल्द पूरा किया जा सकें।

### इन एरिया में चल रहा अभी काम

वर्तमान में बिजली विभाग द्वारा साउथ और ईस्ट जोन के मैकेनिक नगर,मनोरमागंज, गीताभवन के आसपास का क्षेत्र, नवलखा क्षेत्र, तिलक नगर, मूसाखेड़ी, मयूरनगर क्षेत्र, सत्यसाईं, लसूड़िया और देवासनाका के आसपास का क्षेत्र, निपानिया और महालक्ष्मी नगर के बचे हुए क्षेत्र में आधुनिक तकनीक वाले नए स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है।



# पागनीसपागा टंकी के पास वाले गार्डन का होगा सौंदर्यकरण

## टंकी के गार्डन में रंगाई पुताई के साथ होंगे सजाने संवारने के कई काम एक साथ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** पागनीसपागा क्षेत्र की पानी की टंकी के पुराने गार्डन में भी आने वाले दिनों में लाखों रुपए खर्चकर सौंदर्यकरण और सजाने-संवारने के कार्य होंगे। जिसके तहत टंकी के नीचे वाले इस गार्डन में निगम जल्द रंगाई पुताई कर सुरक्षा बाउंड्री वॉल बनाकर आवश्यक सिविल कार्य शुरू करेगा। अति इस पुराने गार्डन में आने जाने वाले लोगों के लिए वाकिंग ट्रेक बनाने की भी तैयारी है। साथ ही टंकी पर आने वाले लोगों की बैठक व्यवस्था के लिए कुछ रंगीन बेंचें भी लगाई जाएगी। ताकि आने-जाने वाले लोगों को बैठने की बेहतर व्यवस्था मिलेगी।

**सैकड़ों पेड़-पौधे लगाकर होगा सौंदर्यकरण–** यही नहीं सौंदर्यकरण के तहत यहां आस-पास पेड़-पौधे लगाकर ग्रीनरी का काम भी किया जाएगा ताकि टंकी के पास बने इस भीतर वाले गार्डन में लंबे समय से उजाड़ की जगह अब आने-जाने वाले लोगों को हरियाली के साथ खूबसूरती और सुंदरता भी नजर आएगी। आसपास के लोगों को इस लंबी चौड़ी जगह में घूमने फिरने के साथ बैठने की व्यवस्थित जगह भी मिलेगी। बच्चों को खेलने के लिए घर के सामने शानदार बगीचे के रूप में एक नई सौगात मिलेगी।

# निरंजपुर के बड़े उद्यान में आधा किमी से ज्यादा लंबे पाथवे के साथ मिलेगी शानदार बैठक व्यवस्था

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** विधानसभा 2 से जुड़े निरंजनपुर क्षेत्र में मंडी के पास वाले बड़े उद्यान में निगम द्वारा लाखों रुपए खर्चकर एक साथ कई विकास कार्य किए जा रहें है। जिसके तहत क्षेत्र के रहवासी परिवारों की लंबे समय की मांग के बाद लोगों के घूमने के लिए यहां लगभग आधा किमी के आसपास लंबा-चौड़ा वाकिंग ट्रेक यानी पाथवे का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही आने वाले दिनों में इस लंबे-चौड़े बगीचे में क्षेत्र के रहवासियों के लिए कई तरह की सुविधाएं जुटाने की तैयारी शुरू हो गई है। क्षेत्रीय पार्षद और निगम अधिकारियों के मुताबिक क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर अब इस बगीचे में सौंदर्यकरण और सजाने-संवारने के काम के साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले-चकरी और खेल के अन्य उपकरण भी लगाए जाएंगे।



**सुबह-शाम घूमने वालों को जिम के उपकरण की भी मिलेंगी सौगात-** खास बात यह है कि आने वाले दिनों में मंडी क्षेत्र से जुड़ी आधा दर्जन कालोनियों के साथ टाउनशिप के हजारों लोगों की सुविधा के लिए पूरा गार्डन नए सिरे से तैयार हो रहा है। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले-चकरी के साथ अन्य खेलने-कूदने के उपकरण लगाए जाएंगे। साथ ही सुबह-शाम घूमने आने वालों के लिए एक्यूप्रेसर वाली रंगीन ब्लाक से वाकिंग ट्रैक का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा कसरत के लिए जिम के आधुनिक उपकरण भी लगाने की तैयारी है। साथ ही बड़े बगीचे में लोगों के लिए शानदार रंगीन बेंचें लगाकर बैठक व्यवस्था भी की जाएंगी। यही नहीं रोशनी के लिए लाईटिंग भी लगाई जाएगी।

# एमपी पीएससी में बाहरी सजावट के बाद अब लाखों रुपए खर्च कर भीतर शुरू होंगे कई विकास कार्य

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के रेसीडेंसी क्षेत्र के एमपीपीएससी दफ्तर में पिछले दिनों प्रबंधन द्वारा लाखों रुपए खर्चकर बाहरी साज - सजावट के साथ सौंदर्य करण के कई काम करने के साथ दोनों एंट्री गेट का स्वरूप ही बदल दिया था। वहीं अब भीतर के हिस्से में लाखों रुपए खर्चकर एक साथ कई विकास कार्य शुरू करने की तैयारी है। जिसके तहत आने वाले दिनों में एमपीपीएससी द्वारा भीतर के इनवर्ड सैक्सन में रिनोवेशन का कार्य किया जाएगा। जिसमें नवीन शेड निर्माण के साथ एक शानदार फैसिलिटी सेंटर का निर्माण गेट नंबर 1 के पास किया जाएगा। साथ ही एमपीपीएससी द्वारा एग्जाम हाल के सामने नई पार्किंग शेड का विस्तार कार्य भी किया जाएगा।



इसके अलावा एमपीपीएससी पीएससी प्रबंधन द्वारा गेट नंबर 1 से लेकर गेट नंबर 2 तक कंपाउंड वॉल के ऊपर टीन शेड निर्माण और तार फेसिंग का कार्य भी किया जाएगा। जिसको लेकर निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी द्वारा टेंडर प्रक्रिया शुरू कर जल्द बारिश से पहले कई काम एक साथ शुरू करने को लेकर अपनी ओर से तैयारियां भी शुरू कर दी है। गौरतलब है कि एमपीपीएससी के रेसीडेंसी क्षेत्र के एक मात्र दफ्तर में सालों बाद निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी द्वारा लाखों रुपए खर्चकर मुख्य प्रवेश द्वार गेट नंबर एक से लेकर गेट नंबर दो तक बाहर के हिस्से में सौंदर्यकरण और साज-सज्जा के कार्यों के तहत रंग रोगन कर बाहर की संपूर्ण डिजाइन बदलकर सब कुछ नया कर दिया। यही नहीं रोशनी के लिए बाहर चारों तरफ 50 से ज्यादा डेकोरेटिव लाईटिंग लगाई गई। साथ ही बाहरी खूबसूरती के लिए दोनों गेट के आसपास दोनों तरफ छोटे-छोटे गार्डन बनाकर इनमें आकर्षक दिखने वाले पेड़-पौधे लगाकर इन पर रात में उजाले के लिए डिजाइनर लाइटिंग भी लगाई गई। इसके अलावा लंबे समय बाद नई डिजाइन में एमपी पीएससी दफ्तर के नाम का डिस्प्ले बोर्ड डिजिटल लाइटिंग की रोशनी में रात में भी चमकने वाला लगाया गया। वहीं अब भीतर के हिस्से में साज सजावट कर विकास कार्य करने के लिए एमपी पीएससी प्रबंधन द्वारा जल्द काम शुरू करने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है।

## संपादकीय

### आधी आबादी का अनसुना सवाल– अधिकार, न्याय और सम्मान के लिए अब भी क्यों लड़ रही हैं भारत की महिलाएं?

सुनिधि मिश्रा अपने इस लेख में बता रही हैं कि इस वर्ष के महिला दिवस पर संयुक्त राष्ट्र का ध्येय-वाक्य है- 'अधिकार, न्याय और कार्रवाई, सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए।' ये केवल तीन शब्द नहीं, एक आईना हैं, जो हमें असलियत दिखाते हैं। एक स्त्री सुबह उठती है। चूल्हा जलाती है, बच्चों को स्कूल भेजती है, खेत में काम करने निकलती है या दफ्तर के लिए बस पकड़ती है। रात को लौटती है, थकी हुई, चुप। और फिर सो जाती है, अगली सुबह के लिए। उसके सपनों में एक सवाल बार-बार दस्तक देता है, क्या मेरा जीवन सिर्फ इतना ही है? क्या मुझे वह नहीं मिलेगा, जिसका मुझे हक है? यह सवाल भारत की करोड़ों महिलाओं की साझा पुकार है। इसी पुकार की गूंज में हर साल दुनिया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाती है, लेकिन जब उत्सव का शोर थम जाता है, तब भी स्त्री उसी देहरी पर खड़ी मिलती है, अधिकारों का बोझ सीने पर लिए, न्याय की प्रतीक्षा में। सवाल उठता है कि क्या वाकई कुछ बदल रहा है, या बस एक रस्म अदायगी बन गई है, जिसमें नेता भाषण देते हैं, कंपनियां रंग-बिरंगे विज्ञापन देती हैं और शाम होते-होते सब कुछ पहले जैसा हो जाता है? इस वर्ष के महिला दिवस पर संयुक्त राष्ट्र का ध्येय-वाक्य है- 'अधिकार, न्याय और कार्रवाई, सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए।' ये केवल तीन शब्द नहीं, एक आईना हैं, जो हमें असलियत दिखाते हैं। भारत का संविधान दुनिया के सबसे प्रगतिशील दस्तावेजों में गिना जाता है। अनुच्छेद 14 समानता का अधिकार देता है, अनुच्छेद 15 लिंग के आधार पर भेदभाव को वर्जित करता है और अनुच्छेद 21 हर नागरिक को गरिमा के साथ जीने का हक देता है। हकीकत क्या है? जब एक पीड़िता थाने की सीढ़ियां चढ़ती है, या एक दहेज-पीड़िता न्याय पाने के लिए रखाह ढूंढती है, एक कामकाजी स्त्री दफ्तर में उत्पीड़न की शिकायत करती है, तो उसे इन अनुच्छेदों की नहीं, जमीनी हकीकत की दीवार से टकराना पड़ता है। यही दीवार सबसे ऊंची है। इस दीवार की ऊंचाई राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़े मापते हैं। देश में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में दोषसिद्धि की दर 30 फीसद से भी कम है। बलात्कार के मामलों में तो यह और भी कम है। थाने में प्राथमिकी दर्ज होने से लेकर अदालत में फैसला आने तक का सफर इतना लंबा, थकाने वाला और कई बार अपमानजनक होता है कि अधिकांश पीड़ित महिलाएं बीच रास्ते में ही हार मान लेती हैं। गौरतलब है कि देश के उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में महिला न्यायाधीशों की संख्या मात्र 14 से 17 फीसद के बीच है। जब न्याय देने की कुर्सी पर ही उनकी आवाज नहीं होगी, तो न्याय की परिभाषा किस नजरिए से गढ़ी जाएगी? वहीं, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में 30 फीसद से अधिक विवाहित महिलाओं ने शारीरिक या यौन हिंसा झेली है। इनमें से बहुत कम पुलिस या किसी सरकारी संस्था के पास जाती हैं। कई जंजीरें हैं, जो लोहे की नहीं, समाज की बनाई हुईं, जिन्हें तोड़ना कहीं ज्यादा मुश्किल होता है। सदियों से बनाई सोच को तोड़ने के लिए एक अलग किस्म का साहस चाहिए।

# देखभाल के लिए रखे युवक ने बुजुर्ग दंपति के बैंक खाते और अलमारी से उड़ाए पौने दो लाख रुपए

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग की सेवा के लिए रखे गए युवक द्वारा विश्वासघात और चोरी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। महालक्ष्मी नगर निवासी एक 75 वर्षीय बुजुर्ग ने अपनी देखभाल के लिए जिस युवक को नौकरी पर रखा था, उसी ने घर की अलमारी से नकदी और जेवरात चोरी करने के साथ-साथ बुजुर्ग के बैंक खाते से भी हजारों रुपये पार कर दिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, सेक्टर-आर महालक्ष्मी नगर निवासी फरियादी योगेंद्र कुमार विजयवर्गीय (75)ने उत्तर प्रदेश के ललितपुर निवासी दीपेश यादव को पिछले महीने ही अपनी देखभाल के लिए काम पर रखा था। दीपेश फिलहाल इंदौर के बंगाली चौराहे के पास रह रहा था। चोरी का खुलासा तब हुआ जब 5 मार्च को योगेंद्र कुमार ने अपने एसबीआई बैंक खाते की जांच की। उन्होंने पाया कि 24 और 25 फरवरी को उनके एटीएम कार्ड से छह बार में कुल 70 हजार रुपये निकाले गए थे, जबकि 20 हजार रुपये का ट्रांजेक्शन यूपीआई के माध्यम से किया गया था। यह जानकर उनके होश उड़ गए क्योंकि ये लेनदेन उन्होंने खुद नहीं किए थे। बैंक खाते में सेंधमारी का पता चलते ही जब बुजुर्ग दंपत्ति ने अपने घर की अलमारियों की जांच की, तो वहां भी चोरी के निशान मिले। योगेंद्र कुमार की अलमारी से 25 हजार रुपये नकद गायब थे, वहीं उनकी पत्नी की अलमारी से 70 हजार रुपये और करीब 10 ग्राम वजन की सोने की पुरानी अंगूठी भी चोरी हो चुकी थी। पीड़ित को पूरा संदेह है कि उनके विश्वास का फायदा उठाकर दीपेश यादव ने ही अलमारियों से चोरी की और एटीएम कार्ड व पिन हासिल कर बैंक खाते से कुल 90 हजार रुपये निकाले। लसूड़िया पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश देना शुरू कर दिया है।

## अवैध भांग की तस्करी करते दो धराए

**इंदौर।** पुलिस ने शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में नशाखोरी और अवैध मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एमजी रोड और परदेशीपुरा थाना पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध भांग जब्त की है। एमजी रोड थाना क्षेत्र के सुतार गली से घेराबंदी कर पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश चौहान निवासी छत्रीबाग और हाल निवासी सुतार गली को पकड़ा। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से करीब 748 ग्राम अवैध गीली भांग बरामद हुई। इसी तरह की दूसरी कार्रवाई परदेशीपुरा थाना पुलिस द्वारा कल्याण मिल के खाली मैदान क्षेत्र में की गई। पुलिस ने यहाँ दबिश देकर लालगली परदेशीपुरा के रहने वाले आरोपी सुनील को दबोचा। आरोपी के पास से करीब 365 ग्राम अवैध भांग मिली है।

## युवक पर दरांते से हमला

**इंदौर।** हातोद थाना क्षेत्र में मामूली विवाद के बाद एक युवक पर धारदार हथियार से हमले की वारदात सामने आई है। बलाई मोहल्ला में रहने वाले दो युवकों के बीच शुरू हुई कहासुनी इतनी बढ़ गई कि आरोपी ने घर में रखा दरांता निकालकर हमला कर दिया। घटना में पीड़ित युवक के हाथ में गंभीर चोट आई है, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक फरियादी राहुल चौहान ने शिकायत दर्ज कराई है कि शुक्रवार शाम करीब सवा सात बजे उनके पड़ोस में रहने वाले निलेश चौहान ने बिना किसी कारण के उनके साथ विवाद शुरू कर दिया। आरोपी निलेश गालियां दे रहा था, जिसका राहुल ने कड़ा विरोध किया। गाली-गलौज बंद करने की बात पर आरोपी आगबबूला हो गया और पास पड़ा दरांता उठाकर राहुल पर वार कर दिया।?हमले के दौरान राहुल ने खुद को बचाने का प्रयास किया, जिससे दरांते का सीधा वार उनके दाहिने हाथ के अंगूठे पर लगा। चोट गहरी होने के कारण खून बहने लगा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी निलेश ने राहुल को दोबारा सामने आने पर जान से मारने की धमकी दी और वहां से भाग निकला।

## छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रक्रिया 15 मार्च तक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर जिले के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना के अंतर्गत आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 15 मार्च है।

## डंपर चालक ने घर लौटकर लगाया मौत को गले

**इंदौर।** खुड़ैल थाना क्षेत्र के ग्राम दूधिया में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। मृतक पेशे से डंपर चालक था, जिसने काम से लौटने के बाद अपने ही घर के कमरे में आत्मघाती कदम उठा लिया।

मृतक की पहचान मितेश पिता राधेश्याम (21), निवासी ग्राम दूधिया के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मितेश डंपर चलाने का काम करता था और घटना वाले दिन वह सामान्य रूप से अपने काम से घर लौटा था। घर आने के बाद वह अपने कमरे में चला गया, जहां उसने अज्ञात कारणों के चलते फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। काफी देर तक जब कमरे से कोई हलचल नहीं हुई, तो परिजनों ने जाकर देखा, जहां मितेश फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद खुड़ैल थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया।

## जिला कोर्ट पार्किंग में ननंद भाभी में विवाद, दांतों से काटा

**इन्दौर।** जिला न्यायालय परिसर स्थित पार्किंग एरिया में पारिवारिक विवाद के चलते हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। तलाक के मामले को लेकर ननंद, भाभी और भाई के बीच जमकर लात-घूंसे चले। विवाद इतना बढ़ गया कि हाथापाई के दौरान एक-दूसरे को दांतों से काटने तक की नौबत आ गई। एमजी रोड पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षों की शिकायतों पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक एक मामले में स्कीम नंबर 78 निवासी सोनी तिवारी ने अपनी ननंद मोना और पति सोनू उर्फ अर्जुन तिवारी निवासी स्कीम 136 के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी का आरोप है कि उसके पति और ननंद ने कोर्ट परिसर में उसे घेर लिया और अश्लील गालियां देते हुए उसके साथ मारपीट की। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से स्कीम नंबर 136 निवासी राधिका उर्फ मोना तिवारी ने अपनी सोनी तिवारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। राधिका के मुताबिक, जब उसने फैमिली कोर्ट में तलाक कराने की बात कही, तो आरोपी सोनी आगबबूला हो गई और उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।विवाद के दौरान आरोपी ने तैश में आकर अपनी ही फरियादी राधिका के गाल पर दांतों से जोर से काट लिया।इस दौरान जान से मारने की धमकियां भी दी गईं।

## सूने मकानों पर चोरों के धावे लाखों के जेवरात उड़ाए

**इंदौर।** विजयनगर और हीरानगर थाना क्षेत्रों में चोरी की दो बड़ी वारदातें सामने आई हैं, जहाँ अज्ञात बदमाशों ने घर के सदस्यों की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर ताले चटकाए और सोने-चांदी के कीमती जेवरात लेकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश तेज कर दी है।

चोरी की एक वारदात विजयनगर थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर-54 में हुई। यहाँ रहने वाली रश्मि केसरी किसी काम से भोपाल गई हुई थीं। 6 मार्च की सुबह उनकी बेटी मोनल वर्मा ने उन्हें फोन कर सूचना दी कि घर का लॉकर टूटा हुआ है और अलमारियां खुली पड़ी हैं। दोपहर में जब रश्मि घर पहुँचीं, तो देखा कि अज्ञात बदमाश मुख्य गेट के ऊपर से कूदकर अंदर दाखिल हुए और कमरे का ताला तोड़कर अलमारी की दराज में रखे पुराने सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए।इसी तरह चोरी की दूसरी वारदात हीरानगर थाना क्षेत्र के वीणा नगर में घटित हुई। यहाँ कल्पना श्रीखंडे के मकान का ताला तोड़कर चोरों ने सेंधमारी की। बदमाश अलमारी में रखे सोने-चांदी के गहनों के साथ-साथ उनके पति और बेटी की सोने की चेन भी चुरा ले गए। फरियादिया ने पुलिस को बताया कि वे चोरी गए सामान की विस्तृत सूची और बिल जल्द ही पेश करेंगी। पुलिस अब इन दोनों ही क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि बदमाशों के हुलिए और भागने के रास्तों का पता लगाया जा सके।

## कारखाने में लगाई युवक ने फांसी

**इन्दौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा कार्यस्थल पर ही जान देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। युवक कारखाने में काम करता था, जहाँ शनिवार सुबह उसका शव फंदे से लटका हुआ पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान बलराम पिता जगदीश(22), निवासी ग्राम बिसनावदा के रूप में हुई है। बलराम चंदन नगर इलाके में स्थित एक कारखाने में काम करता था और अक्सर वहीं समय बिताता था। शनिवार सुबह जब कारखाने के अन्य लोग काम पर पहुँचे, तो उन्होंने बलराम को फंदे पर झूलते हुए देखा, जिससे वहां हड़कंप मच गया। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। चंदन नगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

# बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा संपन्न




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आल इंडिया कोशिकी महासंघ के सानिध्य में एवं कोशिकी मध्यप्रदेश संघ के तत्वावधान में एलेट स्पोर्ट्स अकादमी के सौजन्य से कोदरिया ग्राम महू स्थित आर डी विक्टोरियस एडवेंचर्स अकादमी में कोशिकी मार्शल आर्ट्स बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन अमय लश्करी के नेतृत्व में किया गया। आयोजन समिति के मुख्य कोदरिया ग्राम स्थित राधिका महिला गृह उद्योग की अध्यक्ष शोभा पंचोले मौजूद रही। जिसमें हर्षिता अठवाल, प्रियल प्रजापत, सोनाक्षी पटेल, आयुष चौहान, यतीश वर्मा, देवश्री पटेल और धनक कौशल को येलो बेल्ट से नवाजा गया। वही तनिष्का निनामा जो कि राष्ट्रीय सेमिनार का हिस्सा रही है जो कि गोवा में आयोजित हुआ था। उन्होंने ऑरेंज बेल्ट की एग्जाम उत्तीर्ण कर ऑरेंज बेल्ट प्राप्त किया। इन सब की कोच फर्स्ट दान ब्लैक बेल्ट रही राधिका पंचोले है।

# टूर पैकेज के नाम पर ठगी करने वाली गैंग का पर्दाफाश

## सूरत के 4 आरोपी गिरफ्तार



**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने टूर एंड टूरिज्म के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गैंग 'ब्लू माउंटेन टूरिज्म' नामक कंपनी के नाम का सहारा लेकर लोगों को सस्ते टूर पैकेज का लालच देती थी और उनके क्रेडिट कार्ड के माध्यम से अनाधिकृत ट्रांजेक्शन कर ठगी को अंजाम देती थी। पुलिस ने इस मामले में गुजरात सूरत के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि गिरोह के दो अन्य सदस्य अभी फरार हैं।

ठगी का खुलासा तब हुआ जब एक पीड़ित ने डीसीपी क्राइम ब्रांच कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। आवेदक के अनुसार जुलाई 2025 में इन जालसाजों ने उन्हें सस्ता टूरिज्म पैकेज देने का झांसा दिया और प्रक्रिया के नाम पर उनके क्रेडिट कार्ड से ट्रांजेक्शन कर दिए। बाद में पता चला कि आरोपियों ने आवेदक के कार्ड पर उनकी अनुमति के बिना करीब 1,00,000 रुपये की ईएमआई करवा दी थी, जब पीड़ित को कोई पैकेज नहीं मिला और बैंक से किस्तों के मैसेज आने लगे तब उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का अहसास हुआ।

क्राइम ब्रांच की इन्वेस्टिगेशन टीम ने आधुनिक साइबर तकनीक और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पैसों के ट्रांजेक्शन के रास्तों को ट्रेस किया। जांच में पता चला कि यह गिरोह संगठित होकर अलग-अलग शहरों में फर्जी टूरिज्म कंपनियां चला रहा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी आकाश, रिजवान, शाहिद और जुनेद सभी निवासी सूरत को गिरफ्तार कर लिया है। गिरोह के दो अन्य सदस्य भाविक और कपिल अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं, जिनकी तलाश में टीमें भेजी गई हैं।

## समाधान योजना में 31 मार्च तक 90 प्रतिशत तक सरचार्ज माफी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट)।** मप्र शासन ऊर्जा विभाग की तीन माह या अधिक समय के बकाया बिजली बिलों के उचित व छूट देने के संबंध में लागू समाधान योजना से सबसे ज्यादा इंदौर जिले के करीब 90 हजार उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं। दूसरे क्रम पर खरगोन जिले के 78500 उपभोक्ता, तीसरे क्रम पर उज्जैन जिले के 72900 उपभोक्ता, रतलाम जिले के 69600, बड़वानी जिले के 53 हजार उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं। अधिकारिक जानकारी अनुसार मार्च अंत तक जारी समाधान योजना अंतर्गत 50 से 90 प्रतिशत तक छूट पात्रतानुसार प्राप्त की जा सकती है। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बकायादार बिजली उपभोक्ताओं से समाधान योजना का लाभ लेने की अपील की है।

# पिकनिक मनाने गए दो दोस्तों की तिंछा फॉल की खाई में गिरने से मौत

## शराब पार्टी के बाद हुआ हादसा

**इन्दौर.सिटी ब्लास्ट।** तिंछा फॉल में एक बार फिर बड़ा हादसा सामने आया है, जहां घूमने गए दो युवकों की गहरी खाई में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई।

मृतकों की पहचान सुमित निवासी राजीव आवास विहार और उसके दोस्त अशोक के रूप में हुई है। घटना तड़के करीब 3 से 4 बजे की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक झरने के करीब खड़े थे, तभी अचानक पैर फिसलने की वजह से वे सीधे सैकड़ों फीट गहरी खाई में जा गिरे। घटना की जानकारी मिलते ही सिमरोल पुलिस की टीम मौके पर पहुँची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों दोस्तों ने रात में शराब पार्टी की थी, जिसके बाद वे तिछा फॉल के खतरनाक किनारों तक पहुँच गए। नशे और अंधेरे के कारण संतुलन बिगड़ने से यह बड़ा हादसा हो गया। पुलिस ने रस्सी एवं क्रेन की मदद से दोनों युवकों के शव को खाई से निकालकर पोस्टमार्टम भेजा है।

# व्हीजी विंग्स का आयोजन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सेन्ट्रल मॉल में व्हीजी विंग्स ने राधाकृष्ण की झांकी बनाकर होली पर्व का आयोजन किया। श्रेया अनासाने, डॉ. अंशुल जैन, रेणु, कृपाल, आयुषी मौजूद थे।

## पंचकुइया मुक्तिधाम पर विवाद

# टोकन गलत देने के बाद अस्थियां दूसरा ले गया



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पश्चिमी क्षेत्र के पंचकुइया मुक्तिधाम पर एक ही टोकन तीन मृतक परिवार को देने के बाद विवाद की स्थिति उस समय बन गई जब आज सुबह मृतक की अस्थियां एकत्र करने परिजन पहुंचे तो विश्वकर्मा समाज के एक परिवार को अस्थियां गायब मिली। पता पड़ा कि गलत टोकन के कारण कोई दूसरा व्यक्ति अस्थियां एकत्र कर ले गया। 13 नम्बर टोकन तीन परिवार को देने से यह स्थिति बनी। सूत्रों का कहना है कि समाचार लिखे जाने तक विवाद की स्थिति बनी थी और आखिरकार जो लोग गलत अस्थियां ले गए उन्हें फोन लगाया गया। तब पता पड़ा कि जिन्हें पहले गले अस्थियां दे दी गई वे बड़वाह के खेड़ीघाट तक पहुंच गए थे। हंगामे के बाद पुलिस भी पहुंच गई थी और पुलिस ने खेड़ीघाट गए लोगों को वापस अस्थियां लाने की बात कही। समाचार लिखे जाने तक खेड़ीघाट से अस्थियां इंदौर के लिए निकली है और पंचकुइया मुक्तिधाम पर भीड़ लगी हुई है।

## पेट्रोल और ज्वलनशील पदार्थ के विक्रय को लेकर नियम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इन्दौर नगर में पेट्रोल पंप से डिब्बे तथा बोतल या अन्य किसी खुले रूप में पेट्रोल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों के विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह द्वारा इस संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किये गये हैं। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **दीपाली वी वडनेरे पति विक्रम सिंह वडनेरे** सूचित करती हूं कि विवाह (विवाह दिनांक 06.05.2006) के पूर्व मेरा नाम **निकुंभ दीपाली प्रकाश** था, जो विवाह के बाद परिवर्तित होकर **दीपाली वी वडनेरे पति विक्रम सिंह वडनेरे** हो गया है। वर्तमान में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाता हैं। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है।

दीपाली वी वडनेरे पति विक्रम सिंह वडनेरे
पताः 35-बी, सेक्टर-ए, सांईनाथ कॉलोनी, इंदौर, म.प्र.

## बगैर अनुमति के आयोजन करने पर प्रतिबंध

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पुलिस आयुक्त संतोषकुमाह सिंह ने आदेश जारी कर कहा कि इंदौर नगरीय सीमा में कोई भी धार्मिक संस्था/राजनैतिक संगठन/अन्य समूह जैसे वेतन भोगी, शासकीय कर्मचारी आदि संगठन जब तक किसी आयोजन की विधिवत् सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक उस आयोजन को करना प्रतिबंधित किया गया है। सभी प्रकार के जुलूस, धरना प्रदर्शन, धार्मिक आयोजन, विवाह आयोजन, जन्म दिवस आयोजन आदि में किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र अथवा विस्फोटक सामग्री का उपयोग व रखरखाव किया जाना भी प्रतिबंधित होगा। आदेश के विपरित कार्य करने पर कार्रवाई होगी।

**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **स्मिता पिता स्व. माधवजी कुलकर्णी** पता 11/2 स्नेहलता गंज 404 निधि अपार्टमेंट इन्दौर झोन क्र. 03 वार्ड 56 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1000885250 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.03 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 03**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **प्रेमलता बिरदे पति स्व. कैलाशचंद्र बिरदे** पता 30-1 पीसी. सेठी नगर इन्दौर झोन क्र. 09 राजस्व विभाग पर सर्विस क्र. 1001028457 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.09 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 09**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

# फाइनल के लिए भारतीय टीम में होगा बदलाव!

## कुलदीप आ सकते है, वरूण का कटेगा पत्ता, अभिषेक पर फैसला मैच वाले दिन



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टीम इंडिया रविवार (8 मार्च) को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के खिताब के लिए न्यूजीलैंड का सामना करेगी। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप मैचों में न्यूजीलैंड को कभी नहीं हराया है, दोनों टीमों के बीच हुए तीनों मैच न्यूजीलैंड ने जीते हैं। ऐसे में भारत के लिए सुपर संडे (8 मार्च) को होने वाला फाइनल मुकाबला किसी बड़ी जंग से कम नहीं होगा।

वैसे ओवरऑल दोनों ही देशों के बीच कुल 30 टी20 मैच हुए हैं, जहां भारतीय टीम ने 16 मैच जीते हैं, 11 मैच न्यूजीलैंड के नाम रहे हैं। और 3 मैच टाई रहे, इन 3 टाई में दो भारतीय टीम बाद (सुपर ओवर) में जीती और एक डीएलएस (डकवर्थ लुईस ) मैथड की वजह से टाई पर छूटा है।

हालांकि इस मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों ने निराश किया। अर्शदीप सिंह ने 4 ओवर्स में 51 रन दिए और 1 विकेट लिया। वहीं वरुण चक्रवर्ती ने तो 4 ओवर्स में 64 रन दिए और उनको महज एक विकेट लिया। उनके फॉर्म ने सबसे ज्यादा निराश किया, इसके बाद सवाल उठ रहे हैं क्या भारतीय टीम की प्लेइंग 11 में बदलाव होगा? क्या पूरे टूर्नामेंट में बेंच पर बैठे कुलदीप यादव को मौका मिलेगा। वहीं अभिषेक शर्मा का भी फॉर्म चिंताजनक है। हालांकि, वरुण इस वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 8 मैचों में 28 ओवर्स में 248 रन देकर 13 विकेट लिए हैं। इसमें उनका एवरेज 19.07 है और उनका 8.85 का इकोनॉमी रेट रहा है।

पर वरुण को टीम इंडिया से भरपूर सपोर्ट मिल रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बाद अक्षर पटेल ने उनके बारे में बात की। अक्षर ने कहा कि हमने इस मुद्दे पर बात की है, खासकर चक्रवर्ती को हो रही परेशानी को लेकर। हमने कई नॉकआउट मैच खेले हैं, इसलिए मजबूत मानसिकता बहुत जरूरी होती है। हमें पता है कि उसके पास पूरी स्किल है। हम उसे यही समझाते हैं कि अगर आपके खिलाफ रन बन भी रहे हों, तब भी अपने प्लान से नहीं हटना चाहिए। उसका प्लान स्टंप्स पर गेंदबाजी करने का था, लेकिन बीच में उसने लाइन बदल ली।

दबाव में ऐसी गलतियां हो जाती हैं। फिर भी हम उसे लगातार कहते हैं कि वह हमारी टीम का एक्स-फैक्टर है। उसे खुद पर भरोसा रखना चाहिए, क्योंकि गेंदबाजी में सबसे ज्यादा अहम चीज कॉन्फिडेंस ही होता है।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ वरुण का रिकॉर्ड

न्यूजीलैंड के खिलाफ वरुण के प्रदर्शन की बात करें, तो उनके आंकड़े ज्यादा खास नहीं रहे हैं। उन्होंने अब तक 4 टी20 मैचों में न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेट लिए हैं। इस दौरान उनका एवरेज 32.75 और इकोनॉमी रेट 8.18 रहा है।वहीं नरेंद्र मोदी स्टेड?यम में उनका रिकॉर्ड बेहतर है। यहां खेले 3 मैचों में उन्होंने 8 विकेट लिए हैं। इस दौरान उनका एवरेज 14.25 और इकोनॉमी रेट 8.25 रहा है।

### अभिषेक पर भी उठ रहे सवाल

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय टीम के ओपनर और दुनिया के नंबर-1 टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का प्रदर्शन अब तक उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा है। अभिषेक का बल्ला मौजूदा टूर्नामेंट में लगभग खामोश ही रहा है। सेमीफाइनल में भी इंग्लैंड के खिलाफ वह बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे, जिससे उनकी टीम में होने पर सवाल उठ रहे हैं।

वानखेड़े स्टेडियम में सेमीफाइनल में अभिषेक शर्मा सिर्फ 9 रन बनाकर ऑफ-स्पिनर विल जैक्स की गेंद पर फिल साल्ट के हाथों मिडविकेट पर लपके गए। जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने 55 रन जरूर बनाए, लेकिन उनका फॉर्म फिर गड़बड़ा गया। इस टी20 वर्ल्ड कप में अभिषेक ने 7 पारियों में 12.71 की खराब एवरेज से 89 रन बनाए हैं।हालांकि हरभजन सिंह ने उनका सपोर्ट किया है, और कहा कि उनको बाहर नहीं बैठाना चाहिए। इस बीच भारतीय बल्लेबाजी क्रम में बदलाव को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं। कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने यह सुझाव दिया है कि मिडिल ऑर्डर को मजबूत करने के लिए रिंकू सिंह को टीम में शामिल किया जाए, जबकि ईशान किशन को संजू सैमसन के साथ ओपनिंग के लिए भेजना सही रहेगा। वैसे अब सबकी नजर अहमदाबाद में होने वाले फाइनल पर है। अगर अभिषेक शर्मा उस मैच में बड़ी पारी खेलने में सफल होते हैं, तो सारी बातें पुरानी हो जाएंगी।

# शादी के अगले दिन ही मैदान पर लौटे अर्जुन





**नवी मुंबई।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की शादी 5 मार्च को हुई। मुंबई में धूमधाम से उनकी शादी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। तीन मार्च से प्री वेडिंग इवेंट शुरू हो गए थे। गुरुवार को दिन में अर्जुन सानिया चंडोक के साथ शादी के बंधन में बंध गए। शादी के बाद अर्जुन क्रिकेट के मैदान पर वापसी भी कर चुके हैं।

अर्जुन तेंदुलकर डीवाई पाटिल टी20 कप 2026 में डीवाई पाटिल ब्लू टीम का हिस्सा थे। शादीन के 24 घंटे भी नहीं हुए थे और वह मुंबई कस्टम्स के लिए सेमीफाइनल मुकाबले में खेलने उतरे। इस मैच में अर्जुन ने 9 रन बनाए और गेंदबाजी में एक ओवर में 20 रन खर्च किए। उनकी टीम को इस मैच में हार झेलनी पड़ी और टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया।

अर्जुन तेंदुलकर प्री वेडिंग इवेंट के बीच में भी डीवाई पाटिल कप में खेलने पहुंच गए थे। 4 मार्च को टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया था। उस मैच में भी अर्जुन खेले थे। इस टूर्नामेंट में अर्जुन तेंदुलकर ने कुल 5 मुकाबले खेले। इसमें उन्होंने एक अर्धशतक की मदद से 83 रन बनाए। गेंदबाजी की बात करें तो अर्जुन को 5 विकेट मिले।

इसी महीने के अंत में आईपीएल 2026 की शुरुआत होगी। डीवाई पाटिल टी20 कप को खिलाड़ी आईपीएल की तैयारी के रूप में लेते हैं। अर्जुन इस बार लखनऊ सुपर जायंट्स का हिस्सा हैं। पिछले सीजन मुंबई इंडियंस में उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। नीलामी से पहले वह ट्रेड होकर मुंबई से लखनऊ पहुंच गए। आईपीएल में अर्जुन ने 5 मैच खेले हैं और इसमें उनके नाम 3 विकेट हैं। टी20 करियर में वह 29 मैचों में 35 शिकार कर चुके हैं।

# अभिषेक ले सकते हैं विराट से प्रेरणा

## *गत वर्ल्ड कप में विराट का फार्म भी था, फाइनल में खेली थी चमत्कार वाली पारी*





**अहमदाबाद।** अभिषेक शर्मा ने टी-20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले से पहले अब तक खेले गए 7 मैचों की 7 पारियों में 89 रन बनाए है, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि टी-20 विश्व कप के 2024 के फाइनल मुकाबले से पहले विराट कोहली ने सिर्फ 75 रन बनाए थे।

टी-20 विश्व कप 2026 में भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की फॉर्म पूरी तरह से खराब है। उनके करियर का यह पहला बड़ा टूर्नामेंट है और इतना खराब जा रहा है, जिसकी कल्पना खुद अभिषेक शर्मा ने भी नहीं की होगी। हालांकि, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज को इससे ज्यादा तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि पूरे आत्मविश्वास के साथ फाइनल मुकाबले में मैदान पर उतरकर बल्लेबाजी करनी होगी। इतनी खराब हालात में सिर्फ अभिषेक शर्मा ही नहीं फंसे हैं, बल्कि 2024 के टी-20 विश्व कप में विराट कोहली इससे भी गई गुजरी फॉर्म से जूझ रहे थे।

अभिषेक शर्मा ने टी-20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले से पहले अब तक खेले गए 7 मुकाबलों की 7 पारियों में 89 रन बनाए है, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि टी-20 विश्व कप के 2024 के फाइनल मुकाबले से पहले विराट कोहली ने इससे भी कम रन बनाए थे। क्रिकेट के किंग के नाम से मशहूर विराट कोहली उस टूर्नामेंट में अभिषेक शर्मा से भी बदतर फॉर्म में थे और फाइनल से पहले 7 मैचों की 7 पारियों में सिर्फ 75 रन ही बना सके थे। तुलनात्मक रूप से अभिषेक शर्मा विराट कोहली से 14 रन आगे हैं।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में

# भारत का रिकॉर्ड अच्छा नहीं

**अहमदाबाद।** सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने इंग्लैंड को हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2026 फाइनल में जगह बना ली है। भारत का सामना अब खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड से 8 मार्च को होगा। सेमीफाइनल में टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने खूब दम दिखाया था। पहले बैटिंग करते हुए भारत ने 253 रन बोर्ड पर लगाए थे, जिसका पीछा करते हुए इंग्लैंड ने भी कड़ी टक्कर दी थी। इंग्लिश टीम हालांकि फिनिशिंग लाइन को पार नहीं कर पाई और 246 रन ही बना सकी। भारत ने 7 रनों से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह पक्की की। अब भारत के सामने न्यूजीलैंड की आखिरी चुनौती है। इस चुनौती को पार कर भारत लगातार दूसरी बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाना चाहेगा। हालांकि टीम इंडिया के लिए यह आसान नहीं होने वाला है।

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत का पहली बार सामना न्यूजीलैंड से फाइनल में होने जा रहा है। ना तो ग्रुप स्टेज में और ना ही सुपर-8 में यह दोनों टीमें भिड़ी। ऐसे में फैंस को एक रोमांचक फाइनल देखने मिलने की उम्मीद है। हालांकि टी20 वर्ल्ड कप में भारत बनाम न्यूजीलैंड हेड टू हेड रिकॉर्ड ने भारतीय फैंस की धड़कने बढ़ाई हुई है। दरअसल, भारत आज तक टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में न्यूजीलैंड को एक भी मैच नहीं हरा पाया है। जी हां। भारत और न्यूजीलैंड का आमना सामना टी20 वर्ल्ड कप में आखिरी बार 2021 में हुआ था तब कीवी टीम ने भारत को 8 विकेट से धूल चटाई थी। टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में भारत और न्यूजीलैंड की भिड़ंत कुल तीन बार हुई है और इन तीनों ही बार न्यूजीलैंड ने भारत को हार का मुंह दिखाया है। पहली बार भारत और न्यूजीलैंड का टी20 वर्ल्ड कप में आमना-सामना 2007 में हुआ था। ग्रुप स्टेज में न्यूजीलैंड ने भारत को 10 रनों से हराया था। हालांकि भारत उस वर्ल्ड कप में चैंपियन बना था।

## मजदूर ने सल्फास खाकर की खुदकुशी

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक का नाम दीपक पिता भगवान दवाड़े(30)निवासी गरीब नवाज कालोनी है। वह पेशे से मजदूर था और अपने भाई नरेंद्र के साथ एक ही मकान में रहता था। घटना के समय दीपक घर की ऊपरी मंजिल पर स्थित अपने कमरे में था, जहाँ उसने अज्ञात कारणों के चलते सल्फास की गोलियां निगल लीं। कुछ देर बाद जब उसे लगातार उल्टियां होने लगीं, तो भाई नरेंद्र और अन्य परिजन दौड़कर उसके पास पहुँचे। पूछताछ करने पर दीपक ने जहर खाने की बात स्वीकार की। परिजन उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे । जहाँ उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दीपक के परिवार में उसकी पत्नी के अलावा एक बेटा और एक बेटी हैं, एरोड्रम थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग दर्ज कर लिया है।

## कार से शराब की बड़ी खेप बरामद, 9.60 लाख का माल जब्त

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

चंदन नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने देर रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। सिंहासा आईटी पार्क गेट के पास घेराबंदी कर एक सुजुकी ईको वाहन को रोका गया, जिसमें से भारी मात्रा में महंगी अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद हुई है। पुलिस ने मौके से उज्जैन निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और करीब 9.60 लाख रुपये का माल जब्त किया है।

चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक करोले के मुताबिक, रात करीब 12:45 बजे गश्त के दौरान संदिग्ध वाहन क्रमांक एमपी09 जेडपी 3015 को रोककर तलाशी ली गई। वाहन की जांच करने पर पुलिस के होश उड़ गए, क्योंकि कार के अंदर विभिन्न नामी ब्रांड्स की अंग्रेजी शराब और बीयर के कार्टन भरे हुए थे। पकड़े गए आरोपी की पहचान पवन देवड़ा, निवासी ग्राम नांदेड, तहसील तराना जिला उज्जैन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर वाहन की सघन तलाशी ली तो उसमें अवैध शराब का जखीरा मिला।वाहन से भारी मात्रा में आइकोनिक, रॉयल चैलेंजर्स, सिग्नेचर, मैजिक मूवमेंट , गोवा और ब्लेंडर्स प्राइड जैसी ब्रांडेड शराब के कुल 351.72 बल्क लीटर क्वार्टर और बोतलें बरामद हुईं। इसके साथ ही 180 लीटर बडवाइजर और किंगफिशर अल्ट्रा बीयर के केन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि जब्त की गई अवैध शराब की कुल कीमत करीब 5.60 लाख रुपये है, जबकि तस्करी में इस्तेमाल किया गया 4 लाख रुपये का वाहन भी राजसात किया गया है। चंदन नगर पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है कि यह खेप इंदौर में कहां खपाई जानी थी।

# घर में घुसकर अड़ीबाजी करने वाला हत्यारा गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला जुलूस

### घुटनों पर बैठकर मांगी माफी, लोगों ने तालियां बजाकर किया पुलिस कार्रवाई का स्वागत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



चंदन नगर पुलिस ने क्षेत्र के कुख्यात बदमाश और दो बार हत्या के मामले में सजायाफ्ता गुंडे की हेकड़ी निकाल दी है। अपने साथी के साथ मिलकर एक घर में घुसकर चाकू की नोक पर वसूली करने वाले इस बदमाश को पुलिस ने न केवल चंद घंटों में दबोचा, बल्कि उसी के इलाके में उसका जुलूस निकालकर जनता के मन से डर खत्म किया।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी नसीम बी और सिद्दीक पठान ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सादिक काला, अज्जू बटला और फैयाज ने उनके घर में घुसकर मारपीट की और चाकू दिखाकर अवैध रुपयों की मांग की। मामला सामने आते ही थाना प्रभारी तिलक करोले ने टीम गठित कर आरोपियों को घेराबंदी कर धर दबोचा। सादिक के पास से वारदात में इस्तेमाल प्रतिबंधित खटकेदार चाकू भी बरामद हुआ है।कुख्यात सादिक काला पर हत्या, हत्या के प्रयास और वसूली जैसे 14 गंभीर मामले दर्ज हैं। जनता के बीच पुलिस का विश्वास बहाल करने के लिए पुलिस ने रानी पैलेस और







उसके प्रभाव वाले इलाकों में उसका जुलूस निकाला। इस दौरान बदमाश सड़क पर घुटनों के बल बैठा नजर आया और कान पकड़कर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। बदमाश ने कसम खाई कि वह दोबारा कभी अपराध नहीं करेगा।पुलिस की इस दबंग कार्रवाई को देख मौके पर मौजूद नागरिकों ने तालियां बजाकर टीम का उत्साहवर्धन किया। थाना प्रभारी तिलक करोले ने लोगों से अपील की कि वे गुंडों से डरने के बजाय निडर होकर सामने आएं और रिपोर्ट दर्ज कराएं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शांति भंग करने वाले अपराधियों का यही अंजाम होगा।

## मल्टी मेंटेनेंस को लेकर विवाद महिला से अभद्रता और कार में तोड़फोड़, पड़ोसी पर केस दर्ज

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

एमआईजी थाना क्षेत्र में मेंटेनेंस के विवाद को लेकर एक महिला और उनके पति के साथ बदसलूकी और मारपीट का मामला सामने आया है। श्रीनगर मेन स्थित मल्टी की पार्किंग में हुए इस विवाद में आरोपी ने न केवल महिला के साथ धक्का-मुक्की की, बल्कि उनकी कार को भी नुकसान पहुँचाया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पड़ोसी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, 57 वर्षीय फरियादी ललिता डांगीवाला अपने पति चारुमित्र डांगीवाला के साथ बाजार से लौटकर अपनी कार एमपी-09 सीटी 3776 से मल्टी की पार्किंग में पहुँची थीं। इसी दौरान वहां पहले से मौजूद पड़ोसी अनिल शर्मा ने मल्टी के मेंटेनेंस की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते अनिल शर्मा अभद्र भाषा और अश्लील गालियों पर उतर आया। जब ललिता डांगीवाला ने कार से उतरकर उसे गालियां देने से मना किया और शांत रहने को कहा, तो आरोपी और अधिक आक्रामक हो गया।?आरोपी ने गुस्से में आकर कार के बोनट पर जोर से हाथ मारा और ड्राइवर साइड के आगे के विंडो ग्लास को खींचकर बाहर निकाल दिया, जिससे वाहन को नुकसान पहुँचा। विवाद के दौरान आरोपी ने ललिता को जोर से धक्का दिया, जिससे वे जमीन पर गिर गईं। इस हमले और गिरने के कारण उनके सीने और कमर के पिछले हिस्से में गंभीर चोटें आई हैं।

# फर्नीचर गोदाम में आग

### सोफे और कीमती सामान जलकर राख

**इंदौर।** बीती रात धार रोड स्थित सिरपुर तालाब के पास एक फर्नीचर गोदाम में भीषण आग लग गई। घटना के समय गोदाम बंद था, लेकिन अंदर रखे सोफे और अन्य तैयार फर्नीचर ने तेजी से आग पकड़ ली। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला और आग को फैलने से रोका। फायर ब्रिगेड को रात करीब 1:30 बजे आगजनी की सूचना मिली जिसके बाद जीएनटी मार्केट फायर स्टेशन से तुरंत दो दमकलें और टीम को मौके पर रवाना किया गया। बताया जा रहा है कि गोदाम अली अजगर नामक व्यक्ति का है। जब तक टीम पहुंची, आग विकराल रूप ले चुकी थी।दमकल कर्मियों ने करीब 4 हजार लीटर पानी की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे के समय गोदाम में कोई मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि टल गई। हालांकि, गोदाम में रखा बड़ी मात्रा में फर्नीचर जलकर खाक हो गया। फिलहाल आग लगने का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है।

# चोरों के निशाने पर ट्रैफिक सिग्नल तीन कीमती बैटरियां चोरी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विजय नगर थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने अब सड़क पर लगे ट्रैफिक सिग्नल को भी नहीं बख्शा। न्याय नगर स्थित पोर्टेबल ट्रैफिक सिग्नल से अज्ञात बदमाशों ने बैटरी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इस चोरी के कारण क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस ने मामले की शिकायत मिलने के बाद अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक घटना का खुलासा तब हुआ जब टेक्निकल टीम को सिग्नल में खराबी की सूचना मिली। सूचना मिलते ही जब टीम मौके पर पहुंची और पोर्टेबल ट्रैफिक सिग्नल तथा उसके बैटरी बॉक्स की जांच की, तो वहां से एक्साइड कंपनी की कुल तीन कीमती बैटरियां गायब मिलीं। टेक्निकल टीम के सदस्यों ने आसपास के क्षेत्रों और मुसाफिरों से पूछताछ की तथा काफी तलाश की, लेकिन बैटरियों का कहीं कोई सुराग नहीं लगा। किसी अज्ञात बदमाश ने रात के अंधेरे या सूनेपन का फायदा उठाकर पोर्टेबल सिस्टम से छेड़छाड़ की और तीनों बैटरियां चुराकर फरार हो गया। विजय नगर पुलिस ने इस संबंध में चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब न्याय नगर चौराहे और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों की पहचान की जा सके। सार्वजनिक संपत्ति और सुरक्षा से जुड़े उपकरणों की चोरी ने पुलिस प्रशासन के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है।

# पुराने विवाद को लेकर किया हमला

**इंदौर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते मारपीट और गाली-गलौज की घटना सामने आई है। गफूर खां की बजरिया स्थित पानी की टंकी के सामने हुए इस विवाद में आरोपियों ने एक ही परिवार के तीन लोगों को निशाना बनाया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, गफूर खां की बजरिया निवासी फरियादी यूसुफ पिता शकील कुरैशी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि बड़वाली चौकी क्षेत्र के रहने वाले राजा कुरैशी, रफीक डालर, हनीफ और नाजिया ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों और फरियादी के बीच पुराना विवाद चल रहा था, जिसे लेकर आरोपियों ने अचानक हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने यूसुफ के साथ-साथ उनके भाई और साले के साथ भी जमकर अभद्रता और अश्लील गाली-गलौज की। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने तीनों पीड़ितों के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की और उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। जाते-जाते आरोपियों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। सदर बाजार पुलिस ने यूसुफ की शिकायत पर राजा कुरैशी और उसके साथियों के खिलाफ मारपीट, अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने की विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।